* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 53

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नवंबर में रिटेल महंगाई बढ़ कर 5.55 %हुई







## सांसद धीरज साहू के यहां रेड पर बोले प्रधानमंत्री : 70 साल से कांग्रेस चोरी कर रही

# 'मनी हाइस्ट' जरूरत किसे... : मोदी

- एक सप्ताह में दूसरी बार सोशल मीडिया पर किया कॉमेंट
- कांग्रेस सांसद के ठिकानों पर छापेमारी खत्म, आकलन शुरू
- अब हीरा, सोना, जेवर के साथ निवेश के निकल रहे कागजात

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर/रांची।** कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छापा खत्म हो गया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दूसरी बार इस प्रकरण को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने वेब सीरीज 'मनी हाइस्ट' का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है कि भारत में 'मनी हाइस्ट' फिक्शन की जरूरत किसे है। कांग्रेस की 70 साल से चल रही चोरी लेजेंडरी रही है और गिनती अब भी जारी है।

उधर, धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर की छापेमारी खत्म हो गयी है। आयकर अधिकारी अब बैंक लॉकर, जब्त इलेक्ट्रानिक डिवाइस, दस्तावेज आदि को खंगालने में लगे हैं। बैंक लॉकर से हीरा सोना, जेवर और निवेश के कागजात भारी संख्या में निकल रहे हैं।



**6 दिसंबर को शुरू हुई थी छापेमारी :** गौरतलब है कि सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर 6 दिसंबर को आयकर विभाग ने छापेमारी शुरू की थी। झारखंड, ओड़िशा और प. बंगाल में लगभग एक दर्जन ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी शुरू की थी। ये सभी साहू और उनके परिवार वालों की कंपनियों से जुड़े कार्यालय घर और अन्य जगह थे। छह दिनों तक छापेमारी में केवल ओड़िशा के ठिकानों से 354 करोड़ रुपये बरामद हुए। इन नोटों को ओड़िशा के बोलांगीर और संबलपुर स्थित स्टेट बैंक में चालान भर कर जमा कराया गया है। हालत यह है कि बोलांगीर स्टेट बैंक में रुपये रखने को लेकर समस्या हो गयी है। अब बैंक ने रिजर्व बैंक से मार्गदर्शन मांगा है। सुरक्षा को देखते हुए बोलांगीर में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात कर दी गयी है।

**लाल डायरी और इंस्पेक्टर तिवारी की चर्चा :** इस छापेमारी में प्राप्त दस्तावेजों में एक लाल डायरी और इंस्पेक्टर तिवारी की खूब चर्चा हो रही है। सूत्रों के मुताबिक छापेमारी में इंस्पेक्टर तिवारी के नाम से नोटों का एक पैकेट मिला है, जो करोड़ो रुपये के बीच अलग से था। वहीं, एक लाल डायरी भी मिली है। सूत्रों की मानें तो लेन-देन की विस्तृत सूची लाल डायरी में है।

**आयकर विभाग की टीम अब कर रही है पूछताछ :** आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बोलांगीर में अब भी मौजूद हैं। अधिकारी शराब निर्माण कंपनी के कुछ कर्मचारियों और कुछ स्थानीय शराब व्यापारियों के परिवार के सदस्यों से इन पैसों के संबंध में पूछताछ कर रहे हैं। इस छापेमारी के बाद ओड़िशा उत्पाद एक्साइज डिपार्टमेंट भी एक्टिव हो गया। विभाग ने राज्य भर में देशी शराब निर्माण इकाइयों के दस्तावेजों का सत्यापन शुरू कर दिया है। साहू की कंपनी 1994-95 से ओड़िशा में देशी शराब निर्माण और बिक्री व्यवसाय में है। अब आयकर विभाग की टीम ने साहू ग्रुप की छह कंपनियों की अचल संपत्ति, बैंक लॉकर और अकाउंट के डिटेल्स को खंगालना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने दो मैनेजर राकेश साहू और बंटी साहू सहित संजय साहू की पत्नी से पूछताछ की है।

## मोदी ने पोस्ट के साथ वीडियो भी डाला



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सांसद धीरज साहू प्रकरण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर जो पोस्ट किया है, उसके साथ एक वीडियो भी शेयर किया है। यह भाजपा द्वारा जारी एक वीडियो है, जिसे फिल्म 'मनी हाइस्ट' नाम दिया गया। वीडियो में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज धीरज साहू के साथ राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तस्वीर है। प्रधानमंत्री ने इस वीडियो के साथ लिखा, भारत में, 'मनी हाइस्ट' कहानी की जरूरत किसे है, जब आपके पास कांग्रेस पार्टी है, जिसकी डकैतियां 70 सालों से प्रसिद्ध हैं और गिनती में आनेवाली हैं! मोदी का इस प्रकरण पर यह दूसरा पोस्ट है। इससे पहले उन्होंने 8 दिसंबर को भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। मोदी ने लिखा था कि देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं की ईमानदारी के भाषणों को सुनें। जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।

## न्यूज रील्स

### इंतजार करती रही इडी, नहीं पहुंचे मुख्यमंत्री

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (इडी) कार्यालय नहीं पहुंचे। उन्होंने इडी कार्यालय चिट्ठी भेजी, जिसे सूरज नाम का कर्मचारी लेकर पहुंचा। सूत्रों की मानें तो इस चिट्ठी में हेमंत सोरेन ने इडी से सवाल किया है कि आप मुझे किस तरह बुला रहे हैं। क्या आप मुझे एक आरोपी की तरह पूछताछ के लिए बुला रहे हैं या आप इस मामले में जांच के लिए सहयोग चाहते हैं, उस आधार पर बुला रहे हैं। मुख्यमंत्री इडी कार्यालय के पास से ही गुजरे। सीएम हेलीकॉप्टर से दुमका के लिए रवाना हो गये।

### सीबीएसइ 10वीं-12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से

नयी दिल्ली। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसइ) ने साल 2024 में होनेवाली 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी है। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होंगी। 10वीं के पेपर 13 मार्च को खत्म होंगे और 12वीं के पेपर 2 अप्रैल को खत्म होंगे। बोर्ड परीक्षा से पहले होने वाली प्रैक्टिकल परीक्षा की डेट पहले ही रिलीज कर दी गयी थीं। 10वीं और 12वीं दोनों की प्रैक्टिकल परीक्षा 1 जनवरी से 15 फरवरी 2024 के बीच होनी हैं। 10वीं की बोर्ड परीक्षा में हर विषय का पेपर टोटल 80 मार्क्स का होगा। वहीं, 12वीं बोर्ड एग्जाम में अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज और इकोनॉमिक्स के पेपर 80 मार्क्स के होंगे, 20 मार्क्स इंटरनल टेस्ट के बेसिस पर मिलेंगे। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी का पेपर 70 मार्क्स का होगा और 30 नंबर का प्रैक्टिकल एग्जाम होगा। बाकी सभी सब्जेक्ट्स का पेपर 80 मार्क्स का ही होगा।

## दुमका में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

# केंद्र बकाया देता तो गैस सिलेंडर 500 में और पेंशन 2500 रुपये देता : हेमंत

- 1035.10 करोड़ रुपये की 5358 योजनाओं का दिया तोहफा
- लाभुकों में 53 करोड़ 23 लाख 10 हजार रुपये की बांटी परिसंपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार 1 लाख 36 हजार करोड़ का बकाया दे देती, तो गैस सिलेंडर 1200 का नहीं 500 में उपलब्ध कराता। पेंशन 1000 नहीं, 2500 होती। उन्होंने कहा कि राज्य में कोई ऐसा घर नहीं होगा, जहां सरकार की कोई न कोई योजना नहीं पहुंची हो। आज हर घर में योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अबुआ सरकार आपके सुख दुःख में हमेशा आपके साथ है। मुख्यमंत्री मंगलवार को दुमका प्रखंड के गादी कोरैया पंचायत स्थित बड़ा ढाका में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अब तक किन्हीं वजहों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित है, तो वह 24 नवंबर से चल रहे इस कार्यक्रम के तहत पंचायतों में लग रहे शिविरों में जाये और आवेदन दे। यहां अधिकारियों का पूरा दल आपकी समस्या के समाधान के लिए मौजूद है।




**शिविरों को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम के तहत सभी पंचायतों में शिविर लगा रहे हैं। इन शिविरों को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। गरीब, जरूरतमंद, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, किसान-मजदूर, बुजुर्ग महिला और नौजवानों समेत हर वर्ग और तबके के लोग अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़ने के लिए शिविरों में आ रहे हैं। शिविर में उत्सव का माहौल है। यह दर्शाता है कि हमारी सरकार के प्रति आमजनों का कितना भरोसा है। मैं सभी को भरोसा दिलाता हूं कि अबुआ सरकार जन आकांक्षाओं और उम्मीदों को हर हाल में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**मूलभूत जरूरत को पूरा करने के साथ विकास को दे रहे रफ्तार :** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार लोगों के रोटी-कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत जरूरत को पूरा करने के साथ विकास को रफ्तार दे रही है। अबुआ आवास योजना के आठ लाख गरीबों के अपने आशियाना के सपने को पूरा करने जा रहे हैं। 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड जारी कर उन्हें अनाज दे रहे है और अब चना दाल देने का भी सरकार ने निर्णय लिया है। सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत गरीबों को साल में दो बार 10 रुपये में धोती/लुंगी और साड़ी दी जा रही है।

**राज्य को नयी दिशा दे रहे हैं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों को आर्थिक -सामाजिक-शैक्षणिक रूप से सशक्त बना रहे हैं। राज्य के साथ पिछले दो दशकों से गरीबी और पिछड़ेपन का जो टैग लगा है, उससे निजात पाने के लिए सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है । आप सभी के सहयोग से राज्य को नयी दिशा देने का काम काम कर रहे हैं। उन्होंने सरकार द्वारा शुरू की गयी पेंशन योजना, किसान, महिला, युवा, गरीब, बच्चों की शिक्षा, रोजगार आदि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया।

**विकास योजनाओं का दिया तोहफा :** इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 1035.10 करोड़ रुपये की 5358 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। वहीं, विभिन्न योजनाओं के 34077 लाभुकों के बीच 53 करोड, 23 लाख 10 हजार की परिसंपत्तियों बांटी गयी। कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता और बादल, विधायक स्टीफन मरांडी, नलिन सोरेन, प्रदीप कुमार यादव, सीता सोरेन, बसंत सोरेन और दिनेश विलियम मरांडी मौजूद थे।

# भजनलाल होंगे राजस्थान के नये सीएम

- दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा डिप्टी सीएम, देवनानी स्पीकर होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान के नये मुख्यमंत्री का एलान हो गया है। सांगानेर से विधायक भजनलाल शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया है। प्रदेश कार्यालय में हुई विधायक दल की बैठक में भाजपा हाइकमान द्वारा तय किये गये नाम का एलान किया गया और उस नाम पर सभी की सहमति बन गयी। सूत्रों के मुताबिक नये मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव वसुंधरा राजे ने ही रखा।



भजनलाल शर्मा संघ पृष्ठभूमि से आते हैं। वह मूलतः भरतपुर के रहनेवाले हैं। वह प्रदेश महामंत्री के पद पर भी थे। विधायकों की ग्रुप फोटो में भजनलाल शर्मा चौथी लाइन में बैठे थे। 15 दिसंबर को नयी सरकार का शपथ ग्रहण हो सकता है। इसके साथ ही दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा उप मुख्यमंत्री होंगे। वहीं, अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी विधानसभा स्पीकर होंगे। बैठक से पहले राजनाथ सिंह ने भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। जानकारी के मुताबिक राजनाथ सिंह ने वसुंधरा राजे को बैठक से पहले ही नये मुख्यमंत्री का नाम प्रस्तावित करने के लिए मना लिया था। भजनलाल शर्मा के नाम का एलान करने के बाद भाजपा नेता सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राजभवन पहुंचे। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा के सभी नेताओं के साथ मिल कर राजस्थान का सर्वांगीण विकास करेंगे।




# कांग्रेस के लिए दशकों से खुला रहा है धीरज साहू के परिवार का खजाना, बदले में पावर कॉरिडोर में मिलती रही ऊंची रसूख



शंभु नाथ चौधरी

**रांची।** सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से अब तक 355 करोड़ से भी ज्यादा कैश की बरामदगी के मामले में कांग्रेस ने भले उनसे किनारा कर लिया हो, लेकिन सच्चाई यह है कि साहू का धनाढ्य परिवार अपने खजाने से पार्टी को लंबे वक्त से नवाजता रहा है। इसके एवज में कांग्रेस भी इस परिवार के सदस्यों को पावर कॉरिडोर में ऊंची रसूख देकर उपकृत करती रही है। खुद धीरज साहू ही इसके उदाहरण हैं, जो दो-दो बार लोकसभा का चुनाव हारने के बावजूद कांग्रेस के लिए इतने अहम रहे कि पार्टी ने उन्हें एक नहीं लगातार तीन बार राज्यसभा पहुंचाया।

धीरज साहू के बड़े भाई शिवप्रसाद साहू भी दो बार रांची लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद चुने गये थे। वर्ष 2001 में उनका निधन हो गया। धीरज साहू के एक अन्य भाई गोपाल साहू को कांग्रेस एक बार रांची विधानसभा क्षेत्र और एक बार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से टिकट दे चुकी है। हालांकि वह कोई भी चुनाव जीतने में सफल नहीं रहे। वह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष भी रहे हैं।

धीरज प्रसाद साहू के पिता बलदेव साहू पुराने कांग्रेसी, स्वतंत्रता सेनानी और तत्कालीन बिहार के प्रमुख व्यवसायियों में एक रहे। उन्हें ब्रितानी हुकूमत से राय साहब की उपाधि मिली थी। नेहरू, इंदिरा तक इस परिवार के दौलतखाने पर तशरीफ ला चुके हैं। आजादी के पहले और उसके बाद भी डॉ राजेंद्र प्रसाद, नेहरू, पटेल जैसे नेताओं ने राय बलदेव साहू का आतिथ्य स्वीकारा था। फिल्मी हस्तियां तो अक्सर इस परिवार की पार्टियों और समारोहों का हिस्सा बनती रही हैं।

साहू परिवार झारखंड के लोहरदगा का रहनेवाला है। इस परिवार ने बेशक सबसे ज्यादा कमाई शराब के कारोबार से की, लेकिन आज इनका दखल रियल इस्टेट, होटल, हॉस्पिटल, स्कूल, ट्रैवल से लेकर कई तरह के व्यवसायों में है। झारखंड के अलावा उड़ीसा, बंगाल और कई अन्य राज्यों में इनका कारोबार फैला है। परिवार के पास अब 80 से अधिक माइक्रो डिस्टिलरीज हैं, जहां महुआ फूल से शराब बनायी जाती है और खुदरा दुकानों में बेची जाती है। इसके अलावा, इसके पास ओड़िशा और झारखंड में आइएमएफएल के लिए बॉटलिंग प्लांट भी है।

साहू परिवार की बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड नामक जिस इंडस्ट्रियल इकाई के ठिकाने से सबसे ज्यादा कैश बरामद हुआ है, उसकी वेबसाइट में बताया गया है, परिवार 125 साल से भी ज्यादा वक्त से शराब के कारोबार में है और इसने सफलता की कई कहानियां गढ़ी हैं। शुरूआत स्वर्गीय राय साहेब बलदेव साहू के वंशजों से शुरू हुई, जो तत्कालीन छोटानागपुर (बिहार राज्य का प्रभाग, अब झारखंड) के अग्रणी और प्रतिष्ठित व्यवसायियों में से एक थे। वे जानते थे कि उन्हें सफल होना है और देशी शराब को अगले स्तर पर ले जाना है।

साहू ग्रुप की कुछ प्रमुख कंपनियों में बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड, बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाई ऐश ब्रिक्स,) क्वालिटी बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (आईएमएफएल बॉटलिंग) और किशोर प्रसाद बिजय प्रसाद बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड आदि शामिल हैं।

(शेष पेज 02 पर)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,700 रु./10 ग्राम
चांदी 73,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# विपक्ष की जातीय राजनीति को भाजपा का नायाब जवाब

## ■ छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश में सीएम चयन में दिखाया सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला

## ■ बिहार और झारखंड के साथ-साथ उत्तरप्रदेश में भी मच गयी सियासी खलबली

**आजाद सिपाही विशेष**

**नौ दिन पहले 3 दिसंबर को जब तीन हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ का चुनाव परिणाम आया, तभी से विपक्ष के खेमे में खलबली मची हुई है। इंडी गठबंधन के भी होश उड़े हुए हैं। चुनाव परिणाम से पहले कांग्रेस और उसके सहयोगी आश्वस्त थे कि इन तीनों राज्यों में कांग्रेस बड़े अंतर से जीतेगी। ज्यादातर एग्जिट पोल में भी कांग्रेस को ही विजेता के रूप में प्रस्तुत किया गया, कुछ एग्जिट पोल में मध्यप्रदेश को लेकर कांग्रेस के लिए संशय की स्थिति थी, लेकिन जब चुनाव परिणाम आया, तो विपक्ष के होश उड़ गये। इंडी खेमे में शांति पसर गयी। भाजपा का सीना 56 इंच और बढ़ गया। तीनों राज्यों में भाजपा ने शानदार जीत हासिल की। अब बारी थी तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के चयन की। भाजपा ने वक्त लिया। इस दौरान कांग्रेस के कुछ नेता और दरबारी भाजपा पर व्यंग्य कसने लगे। कहने लगे कि जब सब कुछ दो लोगों को ही तय करना है, तो तीन राज्यों में मुख्यमंत्री चुनने के लिए मंथन का ड्रामा क्यों? 'कौन बनेगा करोड़पति' की जगह अब भाजपा का 'कौन बनेगा मुख्यमंत्री' देखिए। जैसे ही कांग्रेस ने ऐसे व्यंग्य कसने शुरू किये, ठीक कुछ घंटों में कांग्रेस से राज्यसभा सांसद धीरज साहू प्रकरण शुरू हुआ। देश में हड़कंप मच गया। आइटी के छापे की खबर आयी कि 50 करोड़, 100 करोड़, 200 करोड़, 300 करोड़ कैश मिलना शुरू हो गया। कांग्रेस को समझ में नहीं आया कि अब क्या किया जाये। सो कांग्रेस ने कहा कि वे धीरज साहू के पैसे हैं, उससे हमारा कुछ लेना देना नहीं। अभी तो अडाणी का नाम भी उसके मुंह से सुनाई नहीं पड़ रहा। खैर अभी विपक्ष इस सदमे से उबरा भी नहीं था कि मोदी-शाह की जोड़ी ने ऐसा दांव चला कि विपक्ष की सारी भावी प्लानिंग धरी की धरी रह गयी। भाजपा ने छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रियों का चयन कर विपक्ष के हथियार को भोथरा कर दिया। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के चयन से मोदी और शाह की जोड़ी ने बिहार, झारखंड और उत्तरप्रदेश के मतदाताओं को बड़ा संदेश दे दिया है। एक तरफ जहां मध्यप्रदेश में मोहन यादव को मुख्यमंत्री चुन कर भाजपा ने यादव जाति को साधने और यूपी, बिहार की राजनीति को प्रभावित करने की काट खोज ली, वहीं झारखंड के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बना कर आदिवासियों को साधने की पूरी कोशिश की है। इसका मैसेज झारखंड के आदिवासियों में अच्छा गया है। माना जा रहा है कि भाजपा का यह सोशल इंजीनियरिंग का फॉर्मूला लोकसभा चुनावों में मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है। कैसे इन दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों और डिप्टी सीएम के चयन से भाजपा ने झारखंड, बिहार और उत्तरप्रदेश के मतदाताओं को साधने की कोशिश की है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



यह भाजपा और मोदी-शाह की जोड़ी की राजनीति ही है कि एक ही झटके में विपक्ष के सारे हथियार भोथरे साबित हो गये हैं। पहले छत्तीसगढ़ और फिर मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री के चयन में देरी जरूर हुई, लेकिन मोदी-शाह की जोड़ी ने एक आदिवासी और एक ओबीसी को सीएम की कुर्सी देने का फैसला कर विपक्ष की जातीय राजनीति का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

मध्यप्रदेश के नये मुख्यमंत्री के रूप में मोहन यादव के चयन के साथ भाजपा ने एक साथ कई राजनीतिक समीकरणों को साध लिया है। मोहन यादव ओबीसी समाज से हैं, वहीं उनके डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा दलित हैं और राजेंद्र शुक्ला ब्राह्मण हैं। इसके अलावा नरेंद्र सिंह तोमर ठाकुर हैं, जिन्हें विधानसभा का स्पीकर बनाया जाना है। एमपी के एक दांव से भाजपा ने ओबीसी, दलित और सवर्णों को साधने का प्रयास किया है। लोकसभा चुनाव में यह समीकरण काफी असर दिखा सकता है। खासतौर से उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे यादव बाहुल्य इलाकों में भाजपा ने कई स्थानीय पार्टियों के सियासी समीकरण बिगाड़ दिये हैं। जानकारों की मानें, तो मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के नये मुख्यमंत्री का नाम आनेवाले लोकसभा चुनाव के लिहाज से भाजपा के लिए एक बड़ा पॉलिटिकल शॉट माना जा रहा है। जब से बिहार में जातिगत जनगणना हुई है, इंडी गठबंधन को लगा कि उसके पास अब चुनाव जीतने का ऐसा मंत्र हाथ लग गया है कि जैसे ही वह यह मंत्र बोलेगा, भाजपा भस्म हो जायेगी। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इस मंत्र का खूब उच्चारण किया, लेकिन जब नतीजा आया, तो हिंदी पट्टी के इन तीन राज्यों से कांग्रेस का सफाया हो गया। वैसे राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि हमसे छत्तीसगढ़ की सत्ता जा रही है, राजस्थान की जा रही है। उसके बाद उन्हें खयाल आया कि अरे उन्होंने तो उल्टा बोल दिया। लेकिन कहते हैं न कि कभी-कभी जुबान पर किसी समय मां सरस्वती का वास होता है। बस राहुल गांधी की इच्छा सुन ली गयी और तीनों राज्य हाथ से चले गये। वैसे विपक्ष की जातीय राजनीति की काट भाजपा ने ढूंढ़ निकाली है। जैसे लोहा लोहे को काटता है, भाजपा ने भी वही फॉर्मूला अप्लाई कर दिया है, यानी सोशल इंजीनियरिंग का फॉर्मूला।

### अखिलेश यादव और लालू यादव को झटका

जैसे ही मध्यप्रदेश में भाजपा ने मोहन यादव का नाम मुख्यमंत्री के रूप में घोषित किया, जाहिर है उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव और बिहार में नीतीश और लालू यादव की सियासत को बड़ा झटका जरूर लगा होगा। बता दें कि मोहन यादव मूल रूप से उत्तरप्रदेश के ही हैं। इनके 'एमवाइ' समीकरण में 'वाइ', यानी यादव को तो भाजपा ने साध ही लिया है, 'एम' यानी मुस्लिम वैसे भी भाजपा को वोट नहीं देते। तो कम से कम विपक्ष के आधे समीकरण को तो भाजपा प्रभावित करने की कोशिश कर ही रही है।

इस बार लोकसभा चुनावों में भाजपा का फोकस 400 पार है। भाजपा कहीं से भी चूक नहीं करना चाहती। इसलिए चाहे जाति का कार्ड हो, धार्मिक मुद्दे हों, या विकास का पैमाना हो, भाजपा खुद को हर मुद्दे पर फ्रंट फुट पर रखना चाहती है। वैसे मध्यप्रदेश में भी पिछड़ों की आबादी में यादवों की बहुतायत है, जबकि उत्तर प्रदेश और बिहार में तो सियासी समीकरणों के नजरिये से यादव समुदाय सबसे अधिक प्रभावशाली माना जाता है। ऐसे हालात में मोहन यादव के नाम से उत्तरप्रदेश और बिहार की सियासत में भाजपा ने बड़ी सेंधमारी करने की कोशिश तो की ही है। जब पूरे देश में जातीय जनगणना की चर्चा हो रही है और कहा जा रहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में यह मुद्दा मजबूती के साथ काम करेगा, तब भाजपा का यह दांव सटीक बैठा है। इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के कर्ता-धर्ता अखिलेश यादव से लेकर लालू-नीतीश और कांग्रेस पार्टी भी फ्रंट फुट पर खेल रही है। ऐसे में भाजपा ने मोहन यादव का नाम सामने कर विपक्ष की सियासत में बड़ी हलचल पैदा कर दी है। बिहार में जिस प्रकार से नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना के जरिये उसके आधार पर आरक्षण की व्यवस्था भी कर दी, वैसे में यह विपक्ष का बड़ा सियासी दांव माना जा रहा है। भाजपा भी इसे हलके में नहीं लेना चाहेगी। इसलिए भाजपा ने जिस तरीके से चुपचाप नये मुख्यमंत्री का नाम घोषित किया, उससे भाजपा ने विपक्ष के दांव की काट ढूंढ़ निकाली है। उसने मैसेज दे दिया है कि अब भाजपा भी इस लाइन पर काम करने के लिए तैयार है।

### यूपी में यादवों का दबदबा

यूपी की 24 करोड़ आबादी में यादवों की हिस्सेदारी करीब 9-10 फीसदी है। इसके साथ ही प्रदेश में 54 जिले हैं और इनमें से 12 जिलों में यादवों की आबादी लगभग 20 प्रतिशत है, जिसमें आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, बलिया, गाजीपुर, बनारस, जौनपुर, बदायूं, मैनपुरी, एटा, इटावा और फर्रुखाबाद और कुछ अन्य जिले शामिल हैं। जानकारों की मानें, तो 2022 के विधानसभा चुनावों में 83% यादवों ने एसपी को वोट दिया था।

बिहार में यदुवंशियों पर भाजपा की नजर

बिहार में हाल ही में जारी जाति-आधारित सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग में यादवों की आबादी सबसे बड़ी है, जिनकी कुल आबादी 14.26% है। भाजपा की बिहार इकाई ने 21,000 से अधिक यदुवंशियों (यादव समुदाय के सदस्यों) को पार्टी में शामिल कराया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मुस्लिम-यादव मतदाता के दम पर ही बिहार में 15 वर्षों तक शासन किया। आज भी राजद का बिहार में दबदबा है, तो 'एमवाइ' समीकरण के बल पर ही।

### छत्तीसगढ़ से झारखंड फतह की तैयारी

भाजपा ने विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ की कमान सौंपी है। साय राज्य के बड़े आदिवासी नेता हैं। वह आरएसएस के करीबी भी हैं। इसके साथ ही भाजपा ने विजय शर्मा और अरुण साव को राज्य का डिप्टी सीएम बनाया है। छत्तीसगढ़ की इस तिकड़ी से भाजपा ने एक साथ तीन कार्ड चल दिये। विजय शर्मा की छवि कट्टर हिंदू की है। वहीं अरुण साव ओबीसी समुदाय से आते हैं। छत्तीसगढ़ का यह फॉर्मूला मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। अब बात झारखंड की करते हैं। जैसे ही भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया, तो भाजपा ने यह मैसेज दे दिया कि झारखंड में भाजपा की तरफ से अगला मुख्यमंत्री का चेहरा आदिवासी ही होगा। वैसे बाबूलाल मरांडी संथाल पर पूरा फोकस किये हुए हैं। माना जा रहा है झारखंड में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव आसपास ही होगा। बाबूलाल भी विष्णुदेव साय की तरह आदिवासी चेहरा हैं। बाबूलाल मरांडी झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री रह चुके हैं। बाबूलाल की खासियत यह है कि उनकी झारखंड में आदिवासियों के साथ-साथ अन्य समाज के मतदाताओं में भी गहरी पैठ है। बाबूलाल मरांडी शुरुआती दिनों से ही आरएसएस से जुड़े हुए थे। दरअसल जब भाजपा 2019 में सत्ता से बेदखल हो गयी थी, उसे उस वक्त ही अंदाजा लग गया था कि उसकी हार का कारण क्या था। आदिवासी भाजपा से बिदक गये थे। विधानसभा में आदिवासियों के लिए आरक्षित 28 सीटों में से भाजपा सिर्फ दो ही जीत सकी थी, जबकि 44 सामान्य के लिए हैं और नौ सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। झारखंड विधानसभा में कुल 81 सीटें हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद महागठबंधन ने जल, जंगल, जमीन का मुद्दा उठा कर आदिवासियों को गोलबंद किया था। भाजपा राज्य में 25 सीटों पर ही हांफ गयी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर प्रयास से भाजपा धीरे-धीरे आदिवासियों का विश्वास जीतने में कामयाब भी हो रही है। छत्तीसगढ़ की जीत में आदिवासियों का बहुत बड़ा हाथ है। आदिवासियों ने भाजपा को दिल खोल कर वोट दिया है। भाजपा यही चाहेगी कि झारखंड की सत्ता की चाबी फिर से उसके पास हो। इसलिए भाजपा ने झारखंड के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में दांव चल कर एक साथ दोनों राज्यों के आदिवासियों को साधने का प्रयास किया है।

---

# कांग्रेस के लिए दशकों से खुला रहा है धीरज साहू के परिवार का खजाना, बदले में पावर कॉरिडोर में मिलती रही ऊंची रसूख



पेज एक का शेष...

रांची में साहू के भाई-भतीजे और परिवार के लोग आर्या होटल, सफायर इंटरनेशनल स्कूल, सैंटेविटा हॉस्पिटल जैसे कई संस्थान-प्रतिष्ठान संचालित करते हैं। धीरज साहू के पिता बलदेव साहू के नाम पर लोहरदगा में बीएस साहू डिग्री कॉलेज भी है। हालांकि यह अब सरकारी तौर पर संचालित होता है।

23 जनवरी 1955 को जन्मे धीरज साहू ने बीए तक की पढ़ाई की है। उन्होंने एनएसयूआइ के जरिए राजनीति में कदम रखा था। 1977 में वह लोहरदगा में यूथ कांग्रेस से जुड़े। इसके बाद वे जिला और प्रदेश कांग्रेस कमेटी में विभिन्न पदों पर रहे। 2009 में धीरज साहू ने कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चतरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली।

लेकिन करीब डेढ़ महीने बाद ही कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए हुए उपचुनाव में उन्हें उतारा और वे उच्च सदन पहुंचे। उन्हें पहली बार राज्यसभा का टिकट दिलाने में झारखंड कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू का अहम रोल माना जाता रहा है। 2010 में वे दूसरी आर राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए और 2018 में तीसरी बार। राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका यह कार्यकाल 2024 तक है।

आइटी छापों के बाद धीरज साहू की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें वह कहीं रायफल के साथ दिख रहे हैं तो कहीं चीते और बाघ के साथ पोज दे रहे हैं। धीरज साहू की अपनी एक वेबसाइट है, जिसमें बताया गया है कि वे वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी और बोटिंग के शौकीन हैं। इसके अलावा वह शूटिंग में भी हाथ आजमाते रहे हैं। वह लोहरदगा में अक्सर वृहत स्तर पर धार्मिक प्रवचन का कार्यक्रम करवाते रहे हैं। साहू परिवार का रांची स्थित आवास सुशीला निकेतन रेडियम रोड में स्थित है, जो इस शहर का सबसे भव्य बंगला माना जाता है।

---

# किसानों को लाभकारी मूल्य के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्धः मुंडा

**केंद्रीय कृषि मंत्री ने प्याज के संबंध में की समीक्षा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने किसानों से प्याज की खरीद के संबंध में मंगलवार को कृषि भवन में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में श्री मुंडा ने कहा कि किसानों को लाभकारी मूल्य मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा है कि देश में प्याज उत्पादक किसान की भी मोदी सरकार चिंता करती आयी है और आगे भी



उनके हितों के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। चालू वर्ष में सरकार ने एनसीसीएफ और नेफेड को बफर स्टॉक के लिए सात लाख टन प्याज खरीदने का निर्देश दिया था। अब तक दो चरणों में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और आंध्रप्रदेश से प्याज की खरीद की गयी है, वहीं गुजरात के किसानों से भी एजेंसियों द्वारा प्याज खरीदने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने के लिए एनसीसीएफ और नेफेड ने किसानों एवं एफपीओ के बीच जागरूकता का प्रचार-प्रसार करते हुए पंपलेट वितरित करना शुरू किया है। साथ ही गुणवत्तापूर्ण उपज खरीदकर किसानों को सही कीमत देने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार और किसानों तक पहुंच के लिए विज्ञापन भी प्रकाशित किये जा रहे हैं। बैठक के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के विशेष सचिव ने बताया कि प्याज की अधिक बुआई के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकारों के साथ बैठक की गयी है।

---

# गरीब कैदियों को सहायता के लिए बनी योजना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गरीब कैदियों को आर्थिक रूप से मदद देने का प्रावधान, लोकसभा में सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री का दिया जवाब**

**रांची।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने लोकसभा में सांसद संजय सेठ को बताया कि गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने गरीब कैदियों को सहायता नामक एक योजना तैयार की है। इस योजना का उद्देश्य ऐसे गरीब कैदियों को राहत प्रदान करना है, जो जुर्माने की राशि भुगतान करने में असमर्थ हैं।

लोकसभा में सांसद संजय सेठ ने अतारांकित प्रश्नकाल में जेल में निर्धारित सीमा से अधिक कैदियों के लिए योजना, गरीब कैदियों के लिए सहायता, कैदियों के लिए बनी योजनाओं के प्रभावी और निष्पक्ष कार्यान्वयन, योजना के उद्देश्यों की प्रगति सहित कई मामलों पर भारत सरकार से सवाल किया था। इसी के जवाब में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने बताया कि के गरीब कैदियों को सहायता योजना को लागू करने के लिए जिले में एक अधिकार प्राप्त समिति गठित करने की सलाह दी गयी है। जो ऐसे मामलों में कैदियों को दी जानेवाली वित्तीय सहायता



और आवश्यकता का आकलन करेगी। समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आधार पर जिला के कलेक्टर, जिला के मजिस्ट्रेट, केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये उपयुक्त धनराशि को आहरित करेंगे और कैदी को वित्तीय सहायता उपलब्ध करायेंगे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने यह भी बताया कि किसी कानून के तहत अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम कारावास की अवधि की आधी अवधि की सजा यदि कोई विचाराधीन कैदी काट लेता है, तो उसे जमानत पर रिहा करने का प्रावधान भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता में किया गया है। इसके अलावा आदर्श कारागार मैनुअल 2016 में कानूनी सहायता और विचाराधीन कैदी आदि पर विशेष अध्याय जोड़ गए हैंए जिसमें विचाराधीन कैदियों को उपलब्ध करायी जा सकने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही जेल में विधिक सेवा क्लीनिक स्थापित किये गये हैं, जो जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करते हैं। इन क्लीनिकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि सभी कैदियों को उनके पक्ष रखने के लिए अधिवक्ता उपलब्ध हो जाये और उन्हें कानूनी सहायता और सलाह भी उपलब्ध हो सके। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत कारागार में बंद व्यक्ति मूल रूप से राज्य सूची के विषय हैं। कारागारों और कैदियों के प्रशासन और प्रबंधन की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की होती है। बावजूद इसके भारत सरकार समय.समय पर इस मुद्दे पर राज्यों को समाधान करने का दिशा-निर्देश और सुझाव देती रहती है।

## गड़गी पंचायत विहिप अध्यक्ष बने चेतन साव




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गड़गी पंचायत अंतर्गत ग्राम गड़गी गायत्री मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चेतन साव एवं संचालन कृष्ण देव यादव ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष चेतन साव, उपाध्यक्ष कृष्णदेव यादव, मंत्री रामचंद्र मोदी, बजरंग दल संयोजक संदीप यादव, सत्संग प्रमुख बासदेव यादव और जगदीश पासवान, मातृशक्ति प्रमुख बिन्देशवरी देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका साध्वी सरीता, सदस्य श्रीकांत यादव, मुरली यादव, बुलाकी यादव, दीपक कश्यप, विपुल सिंह, रामेश्वर साव, शालिग्राम साव, युगल किशोर राम सहित गड़गी पंचायत के ग्रामीण को सदस्य बनाया। वहीं मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होने जा रहा है। पंचायत के सभी गांवों के प्रत्येक मंदिर एवं प्रत्येक घर को दीपावली की तरह दीप प्रज्वलित कर राम उत्सव को मनाना है। वहीं विश्व हिन्दु परिषद के प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल ने कहा कि 14 वर्षों के वनवास के पश्चात प्रभु श्री राम अयोध्या वापस लौटने पर दीपावली उत्सव मनाया गया था। वर्तमान में 500 वर्षों के लंबे संघर्ष और लाखों कारसेवकों के बलिदान के पश्चात प्रभु श्री राम अपने भव्य व दिव्य मंदिर में सुशोभित होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर हिंदू परिवार को आमंत्रित करने के लिए अयोध्या से आए पूजित अक्षत, आमंत्रण पत्र, राम मंदिर का चित्र घर-घर पहुंचाना हम सबों का दायित्व बनता है। मौके पर पूर्व मुखिया लाखपत यादव, कन्हाई रांणा, हरिओम साव, रूपन साव, शशिकांत चौधरी, महानंद ठाकुर, डेगन चौधरी, बलदेव यादव, पंकज यादव, चंद्रिका यादव, जागेश्वर महतो, कुलदीप राणा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पिपचो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कोडरमा जिले के डोमचांच प्रखंड के फुलवरिया, चंदवारा प्रखंड के काटी और जयनगर प्रखंड के पिपचो पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में उपायुक्त मेघा भारद्वाज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह और उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने चंदवारा प्रखंड के बेंदी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंगादाग, बेंदी में आयोजित शिविर का फीता काट कर उद्घाटन किया। उपायुक्त ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ग्रामीण जनता का बहुत-बहुत स्वागत, मुझे बहुत खुशी हो रही है यह देखकर की सुदूरवर्ती क्षेत्र में जो यह शिविर लगा हुआ है उसमें आप सभी आए हैं और आप सभी की जो भी समस्याएं हैं या जो लाभ लेना चाह रहे हैं, जिला प्रशासन चाहता है कि उन समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट यहीं पर किया जाय ताकि आप सभी को ब्लॉक अथवा जिला जाने की आवश्यकता ना पड़े। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शिविर में आये लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया। इसके साथ ही बच्चियों के बीच साईकिल वितरण योजना व सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही उपयुक्त आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं में बिजली, पेयजल की आपूर्ति, शौचालय, ड्रेस व अन्य मूलभूत सुविधाओं से अवगत हुई और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## चेपाकला पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकारी आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बादम पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया अनिकेत कुमार नायक और संचालन पंसस कृष्णा राम व आशीष पासवान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल,मुखिया अनिकेत कुमार नायक, पंसस कृष्णा राम सहित अन्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में अबुवा आवास राशनकार्ड, श्रमिक कार्ड, विधवा पेंशन, जेएसएलपीएस, पशुपालन, कृषि सहकारिता, कल्याण विभाग, जन्म मृत्यु निबंधन, स्वच्छता विभाग जैसी कई कल्याणकारी योजनाओं का कुल 778 मामला आया। जिसमें 215 मामला ऑन ट्रांसपोर्ट निष्पादन किया गया बाकी 563 मामले आगे भेजा गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज, अंचल निरीक्षक अनोज कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ चौबे, बीपीओ अरुण पासवान, हीरो महतो, आशीष पासवान, रविन्द्र कुमार, प्रकाश कुमार, अनंत कुमार, बुधन कुमार, विवेक कुमार के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## विकसित भारत बनाने का लिया गया संकल्प



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने किया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी सह जिप अध्यक्ष उमेश मेहता और संयोजक सांसद प्रतिनिधि केदार साव मौजूद थे। कार्यक्रम में महिला सखी मंडल के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपने को साकार करने हेतु लोगों ने संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, बेडोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, इंद्रदेव यादव, रीतलाल प्रसाद, जागेश्वर मंडल समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# हजारीबाग में शाही शादी की तैयारी पूरी, मेहंदी रस्म में गूंजे मंगल गीत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल के दो भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल की 25वीं सालगिरह है। इसे अनोखे तरीके से मनाया जा रहा है। इसे यादगार बनाने के लिए हजारीबाग की 25 ऐसी बेटी जो निर्धन परिवार से आती हैं, उनकी शादी करने का बीड़ा जायसवाल परिवार ने उठाया है। 14 दिसंबर को सभी का एक साथ सामूहिक विवाह होगा। विवाह भी ऐसा कि लोग देखते रह जायेंगे। विवाह को यादगार बनाने के लिए मनीष जायसवाल का पूरा परिवार जुटा हुआ है। मंगलवार को मेहंदी का रस्म पूरा किया गया। परिवार के लोगों ने बेटी के हाथों में मेहंदी



लगाकर ढेरों आशीर्वाद दिया। साथ ही साथ कैसे बेटी का घर परिवार चले, इसके लिए भी रूपरेखा तय की गई.बेरोजगार दूल्हे को टोटो भेंट किया जायेगा

गृहस्थ बसाने के बाद दूल्हा के रोजगार की भी चिंता की गयी है। बेरोजगार दूल्हों को टोटो भेंटकर और गृहस्थ में उपयोग होने वाले अन्य सामान दिये जाने की योजना है। इसके लिए जरूरी सामानों की व्यवस्था कर ली गयी है। सामूहिक विवाह स्थल डीपीएस स्कूल प्रांगण में 25 जोड़ियों के लिए 25 बेहद आकर्षक मंडप का निर्माण कार्य जारी है। यहां एक विशाल स्टेज होगा, जहां बारातियों और शादी में शामिल होने वाले अतिथि मौजूद रहेंगे। मनोरंजन की भरपूर व्यवस्था की गयी है। सामूहिक विवाह सम्मेलन से पूर्व मंगलवार को डीपीएस स्कूल प्रांगण में मेंहदी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कन्याओं के हाथों पर शगुन की मेहंदी लगायी गयी। इस दौरान मंगल गीतों से परिसर गुंजायमान हो उठा। मौके पर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, उनकी धर्मपत्नी निशा जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल और भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल सहित अन्य लोगों ने बेटियों को आशीर्वाद दिया। आयोजन को लेकर पूरा जायसवाल परिवार बेहद खुश है।

## अयोध्या के कलश को बड़कागांव में कराया गया भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में आज अयोध्या से आया हुआ पूजित अक्षत कलस को बड़कागांव में भ्रमण कराया गया। महामंत्री पिंटू गुप्ता ने बताया कि अयोध्या से कलश आया है। कलश को सभी पंचायत में कलश में पूजित अक्षत सभी राम भक्तों को दिया गया। सभी भक्त पुनः सभी अपने-अपने गांव में ले जाने के लिए राम जानकी मंदिर बड़कागांव पहुंचे और सभी भक्त गाजे बाजे के साथ झूमते हुए हजारों की संख्या में लोग कलश लेकर गांव भरमन करने के पश्चात मंगल आरती करके अपने-अपने गांव की ओर प्रस्थान किया। मौके पर जिला मंत्री अरविंद मेहता प्रखंड मंत्री पिंटू गुप्ता, जिला सेवा प्रमुख इंग्लेश कुमार सोनी, जिला



उपाध्यक्ष प्रो लालदेव महतो प्रखंड उपाध्यक्ष भोला प्रसाद दांगी, बजरंग दल संयोजक सुभाष कुमार ओझा, सत्संग प्रमुख प्रेमचंद प्रसाद, गौ रक्षा प्रमुख कजरू साव समाजसेवी मनोज गुप्ता, सह मंत्री संतोष ठाकुर, संच प्रमुख सुषमा कुमारी पुजारी, चिंतामणि महतो, राहुल कुमार, मनोज गुप्ता, सत्यजित विद्या अलंकार, उप प्रमुख बच्चनदेव कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, कुलदीप सोनी, संभू सोनी, हरिनाथ राम, डोमन महतो, रामचंद्र प्रसाद गुप्ता, बालदेव कुमार मोहित कुमार तालेश्वर कुमार, महावीर कुमार, ममता कुमारी, आरती कुमारी, कविता कुमारी, मंजू देवी, सावित्री देवी गीता देवी ,चंपा देवी, संजू देवी, पार्वती देवी, रेखा देवी अनीता देवी, संध्या कुमारी, पूनम कुमारी, अनु कुमारी, प्रियंका कुमारी, विनीता कुमारी, मालती देवी, रूबी देवी, उजाला कुमारी, मीना देवी, शांति देवी, राधा देवी, अंजू देवी, किरण कुमारी, सुनीता देवी, आशा देवी, विशेश्वर महतो, गगन कुमार, पवन कुमार, बलदेव जी भानु प्रताप आदि शामिल हुए।

## शहीदों के नाम पर मेला लगाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता ने डीसी से मिल मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से कहा है की शहीद रघुवीर प्रसाद मेहता, शहीद राजेश मींज के अलावा झारखंड के अन्य स्वतंत्रता सेनानी के नाम से एक सप्ताह शहीद मेला लगवाने की मांग की है। दिए आवेदन में कहा है की ईचाक प्रखंड के बोधी बागी मैदान कुरहा में शहीद रघुवीर प्रसाद मेहता और लोटवा निवासी राजेश मींज देश के सेवा में अपने प्राण की आहुती दिये हैं और झारखंड के 50 क्रांतीकारी भगवान बिरसा मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय, सरस्वती




देवी, बाबु राम नारायण सिंह, चंदा निवासी रामेश्वर महतो, मोती राम ठाकुर, रामाधीन गिरी, रामाधीन कसेरा, मुटुकधारी सिंह, सोहन महतो, सोना महतो देश के आजादी में अपना जीवन समर्पित किये थे। इचाक प्रखंड में उन शहीदों के नाम से जिला प्रशासन द्वारा मेला लगाकर क्षेत्र में देश के प्रति मेला आयोजन से देश के प्रति भक्ती जागरित होती रहेगी। साथ ही शहीद रघुवीर मेहता के प्रतिमा के समक्ष मास्क लाईट लगाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

## बगैर चालान बोल्डर लदा हाइवा ट्रक जब्त

**मरकच्चो।** नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप ने मंगलवार की सुबह कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर थाना भवन के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान बगैर चालान बोल्डर लदा एक हाइवा ट्रक को जप्त किया। जानकारी अनुसार उक्त हाइवा घोरथम्बा की ओर से आ रही थी। वाहन को रुकवाकर बोल्डर से संबंधित चालान की मांग गयी। चालक द्वारा बोल्डर से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर वाहन को कब्जे में लेते हुए अग्रसर कार्रवाई हेतु थाना परिसर में सुरक्षित रखा हैं। वही दूसरी ओर थाना प्रभारी ने गस्ती के दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत नवलशाही-निमाडीह ग्रामीण मार्ग पर बच्छेडीह गांव के समीप से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। उक्त मार्ग में गस्ती पर निकले थाना प्रभारी सोनी प्रताप कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रैक्टरों को जप्त कर थाना परिसर ले आये।

## गोंदलपुरा पंचायत की कांग्रेस कोर कमेटी गठित

# ग्रामीणों की सहमति के बगैर नहीं होगा कोई खनन कार्य: अंकित राज

**विरोधी पार्टियों को नहीं है गोंदलपुरा वासियों के हित से कोई लेना देना: अंकित राज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** दिन मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के गोंदलपुरा दुर्गा मंडप के सामने कांग्रेस की पंचायत स्तरीय बैठक की गयी। उक्त बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने की। इंटक सचिव विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज के नेतृत्व में कांग्रेस पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया जिसमें पंचायत के कई गणमान्य व सामाजिक ग्रामवासी शामिल हुए।

बैठक में सर्वसम्मति से असित चक्रवर्ती को पंचायत अध्यक्ष, बालेश्वर महतो को उपाध्यक्ष, रवि कुमार को सचिव, उपेंद्र महतो को कोषाध्यक्ष, प्रदीप कुमार को मीडिया प्रभारी चुना गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अंकित राज ने सभी पंचायत वासियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि



गोंदलपुरा क्षेत्र के रैयतों की आवाज बनकर विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में उनकी मांगों को जोरदार तरीके से रखा है बगैर स्थानीय ग्रामीणों के खनन कार्य कतई नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आम अवाम के हक अधिकार की रक्षा करना हमारे पूरे परिवार के रग रग में बसा है। वही अंकित राज ने कहा कि विरोधी पार्टियों को गोंदलपुरा वासियों के हित से कोई लेना देना नहीं है, सिर्फ राजनीतिक रोटीया सेकना ही उनका काम है। विधायक अंबा प्रसाद ने गोंदलपुरा का मामला विधानसभा में कई बार उठाया, वहीं ग्रामीणों को लेकर मुख्यमंत्री, जिला उपायुक्त सहित कई संबंधित अधिकारियों से मुलाकात करवाने एवं उनके हक अधिकार से जुड़े मामलों को ध्यान आकृष्ट करने का कार्य किया है। आगे उन्होंने कहा कि विधायक के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के सभी क्षेत्र का विकास तेजी से हो रहा है। विधायक अंबा प्रसाद के विधानसभा क्षेत्र में सक्रियता एवं उपलब्धता से प्रभावित होकर हर तबके के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। बैठक में कई विकास योजनाओं का चयन किया गया तथा चापाकल डीप बोरिंग इत्यादि योजनाओं को भी सूचीबद्ध किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश महतो, पूर्व विधायक प्रतिनिधि संजय महतो, दिलीप कुमार महतो, गजेंद्र महतो, कुलेश्वर महतो, माही रंजन विश्वकर्मा, महेंद्र सोरेन, हीरामन गंजू, बच्चन देव महतो, गिरजा भुईया, कुलदीप कुमार, अर्जुन राणा, फागुन गोप, ईश्वरी राणा, कृष्णा यादव, उमेश यादव, राजू राणा, यशोदा देवी, फुलमतिया देवी, संजू देवी, तीरथनाथ महतो, रामनाथ राम, सुनील कुमार, नंदू गोप, दीपेश्वर कुमार, हुलास भुईया, रोशन गंझु, लाला गंझु, अशोक यादव, मुटर राणा, फलेंद्र गंझु, कुलदीप कुमार, शिवकुमार महतो, आरती देवी, संजू देवी, मोहरी देवी, सुनील कुमार, मानती देवी, केसरिया देवी, लाल सहाय राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

**रॉंची एवं हटिया प्रत्येक स्टेशन में ई-निविदा के जरिए 02 कैटेरिंग यूनिट की सुपुर्दगी हेतु निविदा अधिसूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। (1) **निविदा अधिसूचना सं.:** सीएटीजी-स्टॉल-13-जीएमयू-डब्ल्यू-आरएनसी; **कैटरिंग यूनिट:** फल एवं फलों के रस का स्टॉल-13, **स्टेशन:** राँची, **स्थान:** प्लेटफॉर्म नं. 4/5, खम्भा नं. आरएनसी/3019 के बगल में। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य:** रु. 1,86,004; **बयाना राशि:** रु. 48,400; (2) **निविदा अधिसूचना सं.:** सीएटीजी-स्टॉल-25-जीएमयू-डब्ल्यू-एचटीईएस; **कैटरिंग यूनिट:** सीएटीजी. स्टॉल-25, **स्टेशन:** हटिया, **स्थान:** सर्कुलेटिंग एरिया (एसबीआई एटीएम के संलग्न)। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य:** रु. 6,21,254; **बयाना राशि:** रु. 1,61,600; **आरक्षित श्रेणी:** दोनों के लिए जीएमयू/महिला। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** दोनों के लिए प्रत्येक कैटेरिंग यूनिट हेतु निविदा के लिए रु. 2,500/- साथ में 18% जीएसटी। **अनुबंध की अवधि:** दोनों के लिए 5 वर्ष। (1) सम्पूर्ण बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-निविदा) होगी। इस निविदा सूचना दिनांकित 04.01.2024 के संबंध में सभी अधिसूचनाएं वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई है। (2) बोली दस्तावेज दिनांक 11.12.2023 से 04.01.2024 तक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा एवं अपलोड किया जा सकता है। (3) बोली इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में दिनांक 11.12.2023 से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जमा की जा सकती है। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 04.01.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक है तथा दिनांक 04.01.2024 को अपराह्न 3.30 बजे खोली जाएगी।

(PR-901) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**भारतीय रेल**

भारत सरकार, रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)

सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/532 नई दिल्ली, दिनांक 12.12.2023

**निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532 के लिए शुद्धि पत्र सं. 13**

विषय :– सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण के लिए दिनांक 15.12.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532.

विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख **15.12.2023** से स्थगित कर के **31.01.2024 (बुधवार)** कर दी गई हैं।

भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस), रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001
ईमेल - drsm@rb.railnet.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3913/2023

## सीएम का इचाक आगमन ऐतिहासिक पल: डॉ आरसी



**इचाक (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत कांग्रेस प्रमंडलीय स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने कुटुमसुकरी, पुराना इचाक और कुरहा पंचायत का भ्रमण किया। भ्रमण केदौरान कुटुमसुकरी के दर्जी मोहल्ला में डॉ मेहता ने कहा झारखंड के मुख्यमंत्री सहित दो मंत्रियों का आगमन इचाक के लिए ऐतिहासिक है। ज्यादा से ज्यादा लोग बोधी बगिया में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बरकट्ठा विधानसभा के ज्यादा से ज्यादा लोग आवे और लाभ उठावे ।भ्रमण में मुख्य रूप से प्रो बीके मेहता, लालमोहन रविदास, जगदीश राम, मंडल अध्यक्ष चंद्रदेव मेहता, गिरधारी महतो, मौलाना मुख्तार, पंचायत अध्यक्ष कुलदीप राम शामिल थे।

## मोनालिसा लकड़ा बनी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अधिवक्ता और हजारीबाग लोकसभा मीडिया सांसद प्रतिनिधि मोनालीसा लकड़ा को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात और प्रदेश मंत्री डॉक्टर आरिफ नसीर बट्ट द्वारा उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा गया। मोनालिसा लकड़ा अधिवक्ता होने के साथ साथ हजारीबाग से भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा के मीडिया सांसद प्रतिनिधि भी है और साथ ही साथ भाजपा महिला मोर्चा की हजारीबाग जिला मीडिया प्रभारी भी हैं।

## आठ महिलाओं का हुआ बंध्याकरण

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को आठ महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। बंध्याकरण में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बिपीन कुमार ने महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया। इस अवसर पर ए एन एम भी उपस्थित थी। इस दौरान डॉक्टर बिपीन कुमार ने बताया कि बंध्याकरण ऑपरेशन में लाभुक महिला को दो हजार रुपये तथा उत्प्रेरक को तीन सौ रुपए प्रति ऑपरेशन डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में स्थानांतरित कर दिया जाता है।

## सर्जरी के लिए क्रूसेटा हॉस्पिटल को किया सूचीबद्ध

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार सिविल सर्जन कोडरमा के द्वारा सर्जरी के लिए क्रूसेटा हॉस्पिटल रांची को सदर अस्पताल कोडरमा में विभिन्न तरह के सर्जरी के लिए सूचीबद्ध किया गया। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने बताया कि इससे जिलेवासियो को अब बच्चेदानी का ऑपरेशन, हर्निया, अपेंडिस, गोल्ड ब्लैडर स्टोन, हड्डी का ऑपरेशन, हाइड्रोसील, किसी भी तरह के सिस्ट इत्यादि की सर्जरी आयुष्मान भारत के तहत सदर अस्पताल कोडरमा में हो जायेगा और उक्त सर्जरी के लिए अब निजी अस्पताल के भरोसे नहीं रहना पड़ेगा। वही उपाधीक्षक सदर अस्पताल कोडरमा ने जिले वासियो से अपील किया है कि जिनका राशन कार्ड (लाल, पीला हरा) में नाम है, वो प्रत्येक सदस्य अपना आयुष्मान कार्ड किसी भी प्रज्ञा केंद्र या किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में बनवा सकते है। जेनरल सर्जरी के सर्जन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को सदर अस्पताल कोडरमा में मिलेंगे।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.ETELCONBBST-346EER, दिनांक : 07.12.2023

**कार्य का नाम :** तालचेर-विमलागढ़ नयी रेल लिंक प्रोजेक्ट के निर्माण से संबंधित सुनाखनी-सामल सेक्शन के बीच 01 संख्यक टनल का सामान्य विद्युतीकरण।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) :** 92.04 लाख, EMD (रुपये में) : 1,84,100/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 06 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 01.01.2024 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B/G एवं G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण-I/ भुवनेश्वर

PR-103/CG/23-24

## योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले: धनेश्वर



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड के दोहाकातु पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि के रूप में रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो और विशिष्ट अतिथि रामगढ़ प्रमुख करुणा देवी व उप प्रमुख पुनीता देवी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस मौके पर शिविर में लगाये गये विभिन्न अलग-अलग विभाग के स्टॉल का अतिथि द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है और ऑनलाइन के माध्यम से त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है जिससे आम लाभुकों को सीधा फायदा मिल सके। कार्यक्रम का शुभारंभ के पहले दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया तत्पश्चात उपस्थित दर्जनों लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक का वितरण किया गया राशन कार्ड, जॉब कार्ड, कंबल, धोती साड़ी वितरण किया गया, प्रधानमंत्री अबुवा आवास सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना तहत दर्जनों बच्चियों के बीच 4500 चेक का वितरण किये उपस्थित पुर पंचायत के ग्रामीणों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष सुनील करमाली उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा दोहाकातू पंचायत मुखिया कलावती देवी, कुंदरु कला मुखिया किसुन राम मुंडा, समाजसेवी पिंकी देवी, वार्ड सदस्य रूपलाल बेदिया इस कार्यक्रम में पूरे दोहाकातु पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## भुरकुंडा की संस्कृति ने जीता सिल्वर मेडल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सीसीएलकर्मी की पुत्री सह डीएवी स्कूल बरकाकाना 9वीं की छात्रा संस्कृति कुमारी ने 11 दिसंबर को डीएवी नेशनल स्पोर्टस स्टेट लेवल बाक्सिंग में सिल्वर मेडल जीतकर कोयलांचल का नाम रौशन किया है। पटेलनगर भुरकुंडा निवासी सीसीएलकर्मी सत्यनारायण ठाकुर और ज्योति देवी की पुत्री सह डीएवी बरकाकाना के 9वीं की छात्रा संस्कृति कुमारी ने डीएवी नेशनल स्पोर्टस गर्ल्स के 46 किलो वेट के बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल जीता है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतने पर संस्कृति का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। संस्कृति आगामी 2-3 दिसंबर को हरियाणा में आयोजित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखायेगी। संस्कृति की सफलता पर कोयलांचल भुरकुंडा वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधायी दी है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को जवाहर पंचायत भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ इंद्रजीत, नोडल ऑफिसर अनिल कुमार, पंचायत सचिव प्रियंका कुमारी, मुखिया फुलमती देवी, डॉ पल्लवी झा आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित और फीता काटकर किया। मौके पर अतिथियों ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा विभिन्न योजनाओं व प्राकृतिक खेती के बार भी जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ इंद्रजीत ने गोद भराई व मुहजुट्ठी की रस्म पूरी की। साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर द्वारा दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में पीएम कुसुम, पीएम मुद्रा, केसीसी योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, स्वास्थ्य योजना का ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ इंद्रजीत ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगो में जागरूकता लाना है। साथ ही वंचित, शोषित, गरीब, दलित वर्ग जो छूट गये हैं, उनतक बिना भेदभाव, जाति-धर्म से अलग उठकर प्रधानमंत्री के योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम के अंत में शपथ लिया गया की 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने की दिशा में हमसभी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। मौके पर उपमुखिया सुमिता देवी, पंचायत सचिव प्रियंका कुमारी, बोधी महतो, पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी सतीश मोहन मिश्रा, जगतार सिंह, योगेश दांगी, संतन सिंह, सुरेंद्र यादव, बाबूलाल नायक सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

### कोयला व्यवसायी के कार्यालय के सामने हवाई फायरिंग कांड का खुलासा

# चार अपराधी गिरफ्तार

**हथियार और मोटरसाइकिल बरामद, कुजू पुलिस ने मामले का किया खुलासा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/कुजू।** कुजू कोयला मंडी में कोयला व्यवसायी कल्याण पांडेय के कार्यालय के बाहर गोली बारी की घटना का खुलासा कुजू पुलिस ने कर दिया है। मामले में चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त हथियार और मोटरसाइकिल को जब्त किया है। सभी अपराधी अमन साहू गैंग के सक्रिय सदस्य है।

जानकारी के अनुसार कुजू कोयला कोयला मंडी में कोयला व्यवसाई कल्याण पांडेय के कार्यालय के निकट हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाया था। जिसके बाद कुजू पुलिस ने मांडू (कुज्जू) थाना कांड संख्या 228/23 धारा-307/385/386/387/120 (बी) भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट और 25(1-b)/26/35 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू की।

**गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर पकड़े गये अन्य युवक:** इधर पुलिस ने बताया कि मामले की अनुसंधान करने के क्रम में 11 दिसंबर की रात्री कुज्जू ओपी क्षेत्र में छापामारी कर शंकर करमाली को पकड़ा गया। जिसने पुछताछ करने पर इस कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार करते हुए अपने साथियों का नाम-पता बताया। जिनके निशानदेही पर कुज्जू फोरलेन जाने से पहली सड़क के किनारे झारियों से कांड में प्रयुक्त हथियार (देशी पिस्टल) को बरामद कर जब्त किया गया। साथ ही कांड में संलिप्त अन्य तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनके निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट का स्पलेंडर प्लस मोटर साईकिल को बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपने-अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में अपना-अपना अपराध स्वीकार किया। सभी अपने को अमन साहु गिरोह के सदस्य होना बताया।

**अमन साहू गिरोह के शीर्ष नेतृत्व के कहने पर ही किया था गोलीबारी:** पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवकों ने पूछताछ में बताया कि अमन साहू गिरोह के शीर्ष सदस्यों के कहने पर हीं कुज्जू ट्रांसपोर्ट नगर के कोयला व्यवसायी कल्याण पाण्डेय को जान मारने की नियत से उनपर गोली फायर किया था। सभी अभियुक्तों का पूर्व का अपराधिक इतिहास रहा है तथा सभी अमन साहु गिरोह के सक्रिय सदस्य है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

**शंकर करमाली, कुज्जू ट्रांसपोर्ट नगर, खुशबुद्दीन अंसारी कुंदरियाबांध, कुज्जू, दिपक कुमार सिंह साईं नगर कुंदरियाबांध, अभिरंजन ठाकुर, उर्फ डब्लु ठाकुर, ट्रांसपोर्टनगर नगर, कुज्जू शामिल है।**

### ये हुआ बरामद

**एक सिल्वर रंग का देशी पिस्टल जिसके बट के दोनो तरफ मैरून रंग का लकड़ी नट से कसा, एक काला रंग का बिना नं० प्लेट का स्पलेंडर प्लस मोटर साईकिल, दो मोबाईल फोन बरामद किया है।**

### छापामारी में थे शामिल

**छापामारी में कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार, पुअनि सुमित कुमार पांडेय सहित सशस्त्र बल शामिल थे।**

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में स्कूल प्रदर्शनी मेला आयोजित

**स्कूल प्रदर्शनी मेला का उद्देश्य, बच्चें पढ़ाई के साथ किन विषयों पर रुचि रखते: हरजाप**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मंगलवार को स्कूल प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर मॉडल बनाया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने कहा कि स्कूल के बच्चों में नई सोच विकसित करने के उद्देश्य से स्कूल प्रदर्शनी मेला को लगाया गया। जिससे बच्चों के आंतरिक प्रतिभा के बारे में सभी को पता चल सके की बच्चें पढ़ाई के साथ-साथ अनेक विषयो में भी रुचि रखते हैं।

इस प्रदर्शनी में कक्षा 3 से 12 के विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल्स प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों के कई मॉडल आकर्षण का केंद्र भी बने रहें। छात्र और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए एक नई सोच को प्रदर्शित कर सभी की प्रशंसा हासिल की। वही, कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था। उन्होंने सभी कक्षा के विद्यार्थियों के प्रारूपों की सराहना की। विजेता का चयन करने के वोटिंग की वयवस्था की गयी थी। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों की काफी प्रशंसा की और विद्यालय में आए सभी अभिभावकों धन्यवाद देते हुए कहा कि अपने मूल्यवान समय को स्कूल आने के लिए निकाला।

इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी आदि उपस्थित थे।

### रामगढ़ के कोयले से गुलजार हो रहा है रांची का इलाका

# खबर छपने के बाद मची खलबली, धंधा बंद होने का डर



अंजनी कुमार

**गोला।** माल महाराज का मिर्जा खेले होली। इसी तर्ज पर कोयले का अवैध कारोबार हो रहा है। रामगढ़ के कोयले से रांची का इलाका गुलजार हो रहा है। गोला से सटे गेडेबीर में अवैध कोयला डिपो में खपाया जा रहा है। यहां बड़े पैमाने पर अवैध कोयला का कारोबार बेरोकटोक जारी है। जिससे सरकार को प्रत्येक दिन लाखों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। जबकि कोयला चोर जमकर मलाई काट रहे है। बीती रात को भी कई ट्रकों में कोयला लोड कर बाहर की मंडियों में भेजा गया। ऐसा लग रहा है मानो यहां कोयला तस्करी की लूट की छूट है। मंगलवार को आजाद सिपाही में कोयला के कारोबार से संबंधित खबर छपने के बाद खलबली मची है। दिन भर सोशल मीडिया में यह खबर खूब वायरल हुई। चर्चाओं का बाजार गर्म है। कोयला चोरों को डर सताने लगा है कि कहीं किया कराया पर पानी न फिर जाय, जिससे कि धंधा बंद हो सकता है।

**रामगढ़ का कोयला जमा हो रहा रांची जिला में:** गेडेबीर में अवैध कोयला को भारी मात्रा में जमा किया जा रहा है। विभिन्न स्त्रोतों से यहां जमा कोयला रामगढ़ जिला के रजरप्पा क्षेत्र से लाया जाता है। कोयला चोर बड़ी चालाकी से कारोबार को अंजाम दे रहे है। चूंकि जिस क्षेत्र में कोयला जमा किया जा रहा है। उस क्षेत्र में एक छटाक भी कोयला नहीं है। सारा कोयला गोला, रजरप्पा, बरलंगा के रास्ते उक्त डिपो में पहुंचाया जा रहा है।

**रास्ते में रोका कोयला लदा 407 वाहन को, दबंगई से छुड़ाया:** अवैध कोयला ले जा रहे एक 407 वाहन को स्थानीय युवकों ने बीती रात को रोक दिया। उक्त वाहन में अवैध कोयला लोड कर रजरप्पा से उक्त डिपो में पहुंचाया जा रहा था। जैसे ही स्थानीय युवकों को इसकी भनक लगी कोयला वाहन को रोक दिया। काफी देर बाद दबंगई से उस वाहन को छुड़ा लिया गया। स्थानीय युवकों ने बताया कि पुलिस कार्रवाई करें। वरना बीच सड़क में वाहन को रोक देंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी पुलिस की होगी।

## कॉलेज से खिड़की में लगी ग्रिल की चोरी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के मुरपा कुजू स्थित इंटर महिला महाविद्यालय में बीती रात चोरों ने महाविद्यालय के कमरों में लगे खिड़की से लोहा ग्रिल की चोरी कर चलते बने। चोरी की घटना को लेकर प्राचार्या डॉ शशि बाला ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि आदेशपाल के द्वारा हमें सुबह में सूचना मिली। सूचना के तुरन्त बाद महाविद्यालय परिसर पहुंचने पर देखा कि खिड़की में लगे छह ग्रिल की चोरी हो गई है। वही, एक सप्ताह पूर्व भी महाविद्यालय से दो कमरे की दो खिड़की में लगे 6 लोहे का ग्रिल चोरों ने चोरी कर लिया था। उन्होंने ओपी प्रभारी से इस मामले में संज्ञान लेने की अपील की। महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा कि क्षेत्र के लिए लड़कियों का एकमात्र उच्च शैक्षणिक प्रतिष्ठान है। इस तरह की घटना से महाविद्यालय में और भी क्षति होने की संभावना है।

### ग्रामीण डाक सेवा संघ के 101 डाककर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये

# जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, हड़ताल जारी रहेगी: शैलेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को रामगढ़ शाखा संघ के डाककर्मी हड़ताल पर चले गये। थाना चौक स्थित प्रधान डाकघर में जिले के 101 शाखा डाकघर के कर्मी अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर हड़ताल पर बैठ गये। हड़ताल का नेतृत्व रामगढ़ शाखा संघ के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने किया। जबकि, मुख्य रूप से झारखंड सर्किल के साथ सचिव प्रमोद प्रसाद शामिल हुए। डाककर्मियों के हड़ताल में जाने से ग्रामीण क्षेत्र काफी प्रभावित देखने को मिला। जिससे जिले में करोड़ो रुपये का लेनदेन होने की क्षति का अनुमान है। हड़ताल को संबोधित करते हुए शाखा के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि जब तक पांच सूत्री मांग पर मुहर नहीं लगती है, तब तक हड़ताल जारी रहेगा। हम डाक कर्मियों की मांगे जायज है।

**इन मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे डाककर्मी:** 8 घंटे का काम पेंशन सहित सभी सरकारी लाभ मुहैया करना, कमलेश चंद्र कमेटी की सभी सिफारिश 12, 24, 36- 5 लाख ग्रेजुवेटी 180 दिनों की छुट्टी, सिविल सर्वेन्ट का दर्जा, समान कार्य के लिए समान वेतन टीआरसीए को समान करना, आर्टिकल 3ए को तुरंत प्रभाव से समाप्त करना शामिल है।

### हड़ताल में ये थे उपस्थित

**नरेश प्रसाद, जलेश्वर महतो, विजय गोप, किशोर राम, चंदन कुमार, नरेश तिवारी, सावन मांझी, अरविंद कुमार, कुमार गौरव, मुखराज सिंह, संजय कुमार महतो, अजय कुमार, मुदस्सिर हुसैन, तुलसी बेदिया, कुलदीप बेदिया, हीरालाल मुंडा, तौफीक अंसारी, चंदन कुमार राय, विष्णु राम महतो, जीवन कुमार महतो, नरेंद्र नायक, ज्योति प्रसाद, शंभू नाथ सिंह, रजनीकांत सिंह, कारू महतो, मनोज मुंडा, रॉकी राज पटेल, अनिल रविदास, विष्णु ठाकुर, महेश ठाकुर, जलेश्वर महतो, चामू महतो सहित डाककर्मी शामिल थे।**

## चतरा की खबरें

## चाचा भतीजा की हत्या और पोकलेन जलाने की घटना में चार गिरफ्तार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन द्वारा गठित एसआईटी की टीम ने दो अलग-अलग घटनाओं के चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। तथा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। इस संबंध में सदर थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि दो घटनाओं के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम का गठन किया गया था। एसआइटी टीम द्वारा दोनों घटनाओं में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पहली घटना न्यायालय में गवाही दे कर लौट रहे चाचा भतीजा की हत्या के मामले में नामजद लोगों से हटकर लोगों ने घटना को अंजाम दिया था। दोनों घटना को अंजाम देने के लिए अपराधी हायर किया गया था। जिसमें सिकंदर भोक्ता पिता मंगल गंझू ग्राम हसोत और जितेंद्र गंझू पिता कुलेश्वर भोक्ता ग्राम हसोत को गिरफ्तार किया गया। जबकि दूसरी पोकलेन जलाने की घटना में मेघन भोक्ता पिता सुरेश भोक्ता ग्राम होता तथा रामसेवक भोक्ता पिता सोधन भोक्ता ग्राम देवरिया को गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि सदर थाना क्षेत्र के रमटुंडा गांव के समीप चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ पर चाचा एवं भतीजा की हत्या कर दी गयी। वहीं दूसरी घटना में वन विभाग के आदेश पर वन सीमा में ट्रेंच की कटाई कर रहे जेसीबी पोकलेन मशीन को अज्ञात अपराधियों ने 9 दिसंबर की रात्रि में आग के हवाले कर दिया। एसआइटी टीम में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा, सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## भाजयुमो ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो के जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के नेतृत्व में जेएसएससी की परीक्षा रद्द होने पर जोरी बाजार में हेमंत सोरेन का पुतला फूंका गया। इस मौके पर अभिषेक केसरी ने कहां कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार सिर्फ और सिर्फ युवाओं का ठगने और छलने का काम किया है। हेमंत सोरेन चुनावी वादों में 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन रोजगार देना तो दूर की बात अब हेमंत सोरेन ने जेएसएससी का परीक्षा भी रद्द कर दिया। युवा निश्चित रूप से 2024 में हेमंत सोरेन की सरकार को युवाओं ने उखाड़ फेंकने की काम करेगी। इस मौके पर मंडल प्रभारी संदीप कुमार सिंह, जितेंद्र पांडे, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, राजेश यादव, महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता, मंत्री अनिल कुमार यादव, अर्जुन यादव, रंजन यादव, सरवन कुमार यादव, अमरजीत कुमार सिंह, ओम प्रकाश कुमार केसरी, उदय प्रकाश, चंदन कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ब्राउन शुगर और गांजा के साथ तीन गिरफ्तार



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** वशिष्ठनगर थाना की पुलिस ने दो अलग-अलग जगह पर कार्रवाई कर तीन लोगों को ब्राउन शुगर और एक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्ठ नगर के मुरैना टोल प्लाजा के पास डीएसपी मुख्यालय केदार राम के नेतृत्व में किया गया। जिसमें ब्राउन शुगर के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवको में कुंदा के चिलोई गांव के सूरज कुमार, बनियाडीह गांव के कोमल गंझू और डांडू गांव के शहदेव कुमार शामिल है। सूरज कुमार के पास से 4 ग्राम, कोमल गंजू के पास से 3 ग्राम और सहदेव कुमार के पास से 3 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। तीनों एक बिना नंबर प्लेट के वेन्यू कार से गिद्धौर से चिलोई गांव जा रहे थे। इसी दौरान तीनों को मुरैनवा टोल प्लाजा के पास गिरफ्तार किया गया। इनके पास से नगद पैसा तथा ब्राउन शुगर पीने वाले सामग्री भी जप्त किया गया है। वहीं दूसरे कार्रवाई में वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के निंजरा पुल के पास से 10 ग्राम गांजा के साथ राजेश यादव नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राजेश यादव कुरीद गांव का रहने वाला है। पुलिस चारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। इस संबंध में वशिष्ठ नगर थाना में मुख्यालय डीएसपी केदार राम ने प्रेस कांन्फ्रेंस कर जानकारी दी।

## महिलाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता




**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के केदली कला पंचायत सचिवालय के समीप खेल मैदान में मंगलवार को लिंग आधारित खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीएलएफ मीना देवी की अध्यक्षता में आयोजित किया। इस कार्यक्रम को आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के सभी मेंबर के बीच लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध खेला गया। मौके पर महिलाओं के बीच कबड्डी, खेलकूद कराकर विजेता टीम को गिफ्ट देकर उत्साहित किया गया। साथ ही खेल के माध्यम से लोगों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सीसी अरविंद कुमार, पीआरपी ललिता देवी, बीएपी अलका कुमारी और हंटर गंज के सभी सीएलएफ मेंबर उपस्थित हुई।

# सुप्रीम कोर्ट का निर्विवाद फैसला

संविधान के अनुच्छेद 370 पर सोमवार को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला निर्विवाद रूप से युगांतरकारी कहा जा सकता है। जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा समाप्त किये जाने से जुड़े विवाद पर इस फैसले ने एक तरह से पूर्ण विराम लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने तीन बातें शीशे की तरह साफ कर दी हैं। पहली, अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। दूसरी, जम्मू-कश्मीर को किसी भी रूप में आंतरिक संप्रभुता हासिल नहीं थी। तीसरी बात यह कि इस विशेष प्रावधान को समाप्त करने के पीछे किसी तरह की दुर्भावना नहीं है। यह पूरी प्रक्रिया वैध और संवैधानिक है। इन तीनों बिंदुओं पर सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब इस विवाद को आगे बढ़ाने की न कोई गुंजाइश रह गयी है और न ही जरूरत। जहां तक जम्मू-कश्मीर राज्य को केंद्रशासित क्षेत्र घोषित किये जाने की बात थी, तो इससे केंद्र-राज्य संबंधों के कई जटिल पहलू भी जुड़े हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस सवाल को खुला रखा है, लेकिन सॉलिसिटर जनरल की बात को संज्ञान में लेते हुए केंद्र सरकार से कहा है कि जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाये। लद्दाख के केंद्रशासित क्षेत्र बने रहने में कोई बाधा नहीं है। फैसले का एक अहम हिस्सा वह है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि अगले साल सितंबर तक हर हाल में जम्मू-कश्मीर में चुनाव करवा लिये जायें। चूंकि जम्मू-कश्मीर अन्य क्षेत्रों की तरह देश का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए यह सुनिश्चित करना सरकार और सभी संवैधानिक संस्थानों का दायित्व है कि आम देशवासियों की तरह वहां के नागरिकों के भी सभी संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार कायम रहें। जब ऐतिहासिक विवादों और बहसों को सेटल किया जा रहा हो, तब यह बात भुलायी नहीं जा सकती कि जम्मू-कश्मीर इस मायने में भी खास रहा है कि वहां के लोगों को आतंकवाद और अलगाववाद के प्रभावों के चलते कई तरह की तकलीफें लंबे समय तक झेलनी पड़ी हैं। इस लिहाज से जस्टिस एस के कौल के कन्करिंग जजमेंट में की गयी यह सिफारिश बेहद अहम है कि स्टेट और नॉन स्टेट प्लेयर्स की तरफ से 1980 के बाद से वहां हुए कथित मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों की जांच के लिए एक आयोग बनाया जाये। कुल मिला कर देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक पुराने और जटिल विवाद को पीछे छोड़ते हुए जम्मू-कश्मीर को और वहां के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ने की एक मजबूत जमीन तैयार की है। उम्मीद की जाये कि सभी पक्ष इस मौके का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल सुनिश्चत करने में अपना पूरा योगदान करेंगे।

**कुल मिला कर देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक पुराने और जटिल विवाद को पीछे छोड़ते हुए जम्मू-कश्मीर को और वहां के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ने की एक मजबूत जमीन तैयार की है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नयी पीढ़ी के युवाओं को भरोसा नहीं होता कि कुछ समय पहले तक भारतीय राजनीति में न जाने कितने ऐसे नेता और कार्यकर्ता होते थे, जो व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के लिए नहीं, बल्कि बेहतर देश और दुनिया की आकांक्षा के लिए राजनीति करते थे। अनेक सांसदों और विधायकों का गरीबी में जीना बहुत असामान्य नहीं था। राजनीति में रहते हुए भी वे एक अलिखित मर्यादा का पालन करते थे।**

# शिवपूजन सिंह : ऐसे भी होते थे राजनेता

**योगेंद्र यादव**



आज राजनीति एक गंदा शब्द है और नेता होना एक गाली। अगर राजनीति सत्तालोलुपता, अवसरवादिता और भ्रष्टाचार का पर्याय है तो नेता अहंकार, झूठ और मक्कारी के प्रतीक हैं। ऐसे में अगर कोई हमें कहे कि राजनीति में सादगी, सरलता और समर्पण हो सकता है, तो हमें यह अविश्वसनीय लगता है या फिर किसी गुजरे जमाने का किस्सा।

नयी पीढ़ी के युवाओं को भरोसा नहीं होता कि कुछ समय पहले तक भारतीय राजनीति में न जाने कितने ऐसे नेता और कार्यकर्ता होते थे, जो व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के लिए नहीं, बल्कि बेहतर देश और दुनिया की आकांक्षा के लिए राजनीति करते थे। अनेक सांसदों और विधायकों का गरीबी में जीना बहुत असामान्य नहीं था। राजनीति में रहते हुए भी वे एक अलिखित मर्यादा का पालन करते थे। आज भी जनांदोलनों में ऐसे ढेरों नेता और कार्यकर्ता मिल जायेंगे, लेकिन वे हमारे दृष्टि पटल से ओझल रहते हैं।

मेरा यह सौभाग्य रहा है कि मैं अपने जीवन में ऐसे अनेक नेताओं का सान्निध्य और आशीर्वाद पा सका। बचपन में हमारे शहर श्रीगंगानगर में समाजवादी नेता केदारनाथ शर्मा की सादगी और जनता से नजदीकी को देखा। उच्च शिक्षा के लिए जब जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय गया, तो वहां अपने अग्रज सुनीलजी से मिला और जाना कि गांधी कैसे रहे होंगे। फिर वहीं किशन पटनायक से मुलाकात हुई और राजनीति में वैचारिक और चारित्रिक ऊंचाई को अपनी आंखों से देखने का मौका मिला। उनकी संगत में रहते हुए सच्चिदानंद सिन्हा, अशोक सेकसेरिया और सुरेंद्र मोहन जैसी शख्सियतों से मुलाकात हुई और वैचारिक शिक्षा के साथ-साथ मर्यादा का संस्कार भी पाया। मेरी राजनीतिक दीक्षा गांधीवादी समाजवादी धारा में हुई, लेकिन आदर्श की राजनीति केवल इस धारा तक सीमित नहीं रही। आजादी से पहले की कांग्रेस और बाद में सोशलिस्ट, कम्युनिस्ट और जनसंघ में भी बेशुमार नेता सादगी और समर्पण के लिए जाने जाते थे।

**आने वाली पीढ़ियों को विश्वास नहीं होगा कि ऐसे राजनेता कभी हमारे देश में हुआ करते थे।**

हमारे सार्वजनिक जीवन से यह प्रजाति लुप्त होती जा रही है, लेकिन आज भी आदर्शवादी राजनीति की मिसाल देखी जा सकती है। ऐसे ही एक राजनेता थे शिवपूजन सिंह जिनका 30 नवंबर को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बिहार के रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड में एक किसान के घर पैदा हुए शिवपूजन सिंह युवावस्था से ही समाजवादी आंदोलन से जुड़ गये। एमरजेंसी के दौरान जेल में रहे और 1977 में जनता पार्टी की टिकट पर दिनारा क्षेत्र से बिहार विधानसभा के सदस्य बने।

तब बिहार ने शिवपूजनजी की ईमानदारी के दर्शन किये। विधायकों की ठाठ-बाट का तिरस्कार कर शिवपूजनजी अपने समाजवादी संस्कार के प्रति सच्चे बने रहे। जब सरकार ने विधायकों का वेतन भत्ता बढ़ा दिया था, तो शिवपूजनजी इकलौते विधायक थे, जिन्होंने विधानसभा में इसका पुरजोर विरोध किया था। यही नहीं, उन्होंने बढ़ा हुआ वेतन लेने से इंकार किया। सरकार की जिद थी कि नियमानुसार हर विधायक को बढ़ा हुआ वेतन ही लेना होगा। ऐसे में शिवपूजनजी को बगैर वेतन के रहना पड़ा था। शिवपूजनजी किसी रईस खानदान से नहीं थे और उन्हें हर किस्म की तंगी का सामना करना पड़ा। लेकिन वह अपने फैसले से नहीं डिगे। विधायक की पेंशन भी उन्होंने 60 साल की उम्र होने तक नहीं ली। जीवन भर खादी के मोटे कपड़े पहने, गांव में किसानों के बीच किसानों की तरह रहे। उनकी बेजोड़ सादगी और बेदाग ईमानदारी के किस्से पूरे बिहार में प्रसिद्ध रहे हैं।

मुझे उनके जीवन की सादगी के साथ-साथ उनके चरित्र की सादगी ने हमेशा आकर्षित किया। राजनीति में सादगी का जीवन जीने वाले लोग अक्सर आत्मश्लाघा का लोभ संवरण नहीं कर पाते। त्याग का अहंकार अक्सर झलक जाता है, लेकिन शिवपूजनजी में मैंने रत्ती भर अहंकार नहीं पाया। उनके स्वभाव में एक बाल सुलभ सरलता थी जिसके चलते उन्हें राजनीति में कई बार धोखा और नुकसान उठाना पड़ा। साथ ही उनके बोलचाल और व्यवहार में नारी सुलभ संकोच और मृदुता थी जो राजनीति में दिखायी नहीं देती। अपने आप को पीछे रख साथियों और संगठन को प्राथमिकता देना उनके स्वभाव का हिस्सा था।

लेकिन मृदुता का अर्थ यह नहीं कि वह सिद्धांतों से समझौता करें। शिवपूजनजी जीवन भर किसान आंदोलन से जुड़े रहे और अनेक बार जेल गये। वह 80 के दशक में महेंद्र सिंह टिकैत के नजदीकी सहयोगी भी रहे थे। वर्ष 1980 में नहर के पानी के आंदोलन में उनकी गिरफ्तारी हुई थी। उन्होंने फैसला किया कि वह जमानत नहीं लेंगे।

नतीजतन 26 महीनों तक वह सासाराम जेल में रहे। उनकी रिहाई के लिए उनके क्षेत्र के किसानों ने दिनारा से सासाराम तक 40 किलोमीटर का पैदल मार्च किया था। एक बार विधायक बनने के बाद शिवपूजनजी ने बड़ी पार्टियों से किनारा कर लिया। इसके चलते हुए चुनावी राजनीति में फिर कभी सफल नहीं हो पाये, लेकिन तमाम प्रलोभनों के बावजूद उन्होंने सत्ता की राजनीति से समझौता नहीं किया।

सत्य के प्रति अडिग रहना और सिद्धांतों से कभी समझौता न करना उनके समाजवादी संस्कार का परिचायक थी। मैं अक्सर सोचता हूं कि राजनीति के दलदल में रहते हुए भी उन जैसे लोग कैसे अपने आप को बचा पाये। जाहिर है इसके पीछे उनका अपना चारित्रिक बल रहा होगा, लेकिन इसका एक बड़ा कारण वह समूह था जिसके साथ उन्होंने अपनी राजनीति की यात्रा की। उनका संपर्क 1967 में किशन पटनायक से हुआ और जीवन पर्यंत उनके साथ जुड़े रहे। पहले लोहिया विचार मंच फिर जनता पार्टी और समता संगठन से जुड़े रहे शिवपूजनजी समाजवादी जन परिषद के संस्थापकों में से थे। जैसा मैंने ऊपर कहा किशन जी के संसर्ग में बने इस राजनीतिक घराने में शुचिता और मयार्दा सर्वोपरि थी।

पिछले चार दशकों के सार्वजनिक जीवन में मुझे शिवपूजन सिंहजी के सान्निध्य का सौभाग्य मिला। समता संगठन से समाजवादी जन परिषद होते हुए स्वराज इंडिया तक की यात्रा में मुझे हमेशा शिवपूजनजी का नेतृत्व और मार्गदर्शन मिला। पिछले दो वर्षों से उनकी तबीयत खराब रहने लगी थी, फिर भी वह पत्र के माध्यम से सलाह और निर्देश देते रहते थे। उनका निधन मुझ जैसे कार्यकर्ताओं के लिए व्यक्तिगत नुकसान तो है ही, साथ ही राजनेताओं की इस जमात का उठ जाना हमारे लोकतंत्र के प्रभाव का संकेत भी है। आने वाली पीढ़ियों को विश्वास नहीं होगा कि ऐसे राजनेता कभी हमारे देश में हुआ करते थे। आदर्श राजनीति करने वाले ये नेता संख्या में सदैव कम थे, लेकिन देश की राजनीति की दिशा और दशा को बनाये रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। सार्वजनिक जीवन में लुप्त होती इस प्रजाति को बचाना ही शिवपूजन जी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## जमशेदपुर की खबरें

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा होंगे झारखंड के प्रभारी
# जनवरी में विशाल मजदूर महासम्मेलन का होगा आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस यूनियन की आनलाईन बैठक का आयोजन किया गया। मंगलवार को बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज शामिल हुए। इस अवसर पर राज्स्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में कांग्रेस की हार की समीक्षा की गयी। मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनावों हेतु फरमान जारी किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज ने कहा केकेसी के नेता और कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों में आम जनता के साथ जुड़ कर अपना जनाधार बढाएं। आगामी चुनाव में केकेसी 15% टिकट लेकर सीट कांग्रेस की झोली में डालने का काम करेगी। उन्होंने सभी प्रदेश अध्यक्षों को अपने क्षेत्रों में समय देने व जनाधार बढाने का निर्देश दिया। साथ ही लोकसभा चुनावों के मद्देनजर प्रदेश प्रभारीयों की नियुक्ति की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा को झारखंड के प्रभारी बनाये गये। मौके पर संजय गाबा ने 14 लोकसभा सीटों में 11 महागठबंधन की झोली में डालने का आश्वासन राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया। उन्होंने कहा वह झारखंड की राजनीति को बहुत दिनों से देखते व समझते हैं। 19 दिसंबर को वह रांची पहुंचेंगे और प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय संग कांग्रेस के आला नेताओं से मुलाकात कर आगे की रूप रेखा तय करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने कहा जनवरी के अंतिम सप्ताह में विशाल मजदूर महासम्मेलन का आयोजन होगा। जमशेदपुर में आयोजित महासम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियांका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज, अविनाश पांडेय, राजेश ठाकुर समेत झारखंड सरकार में सभी मंत्री व विधायकगण को निमंत्रण दिया जायेगा। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जल्द मनरेगा यूनियन भी बनाए जायेंगे।

# बागबेड़ा में शिक्षा के महत्व पर गोष्ठी का आयोजन, पूर्व विधायक शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बागबेड़ा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में छात्र-छात्राओं के मानसिक व बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मंगलवार को विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि कुणाल षाडंगी,विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य डॉ कविता परमार, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष बिजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य रंजय कुमार राय व अन्य गणमान्य जनों के द्वारा विद्यादायिनी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर गोष्ठी की शुरूआत की गई। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर वक्ताओं ने शिक्षा के महत्त्व विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा जीवन में सफलता प्राप्त करने व कुछ अलग करने के लिए सभी के लिए शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। यह हमें जीवन के कठिन समय में चुनौतियों से सामना करने में सहायता करता है। शिक्षण प्रक्रिया के दौरान प्राप्त किया गया ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति को जीवन के प्रति आत्मनिर्भर और जिम्मेदार बनाता है। कुणाल षाड़ंगी ने कहा शिक्षा के बिना एक आदमी बिना नींव के इमारत की भांति होता है। शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग है। जिसका हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है। शिक्षा और ज्ञान न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह अर्थव्यवस्था के विकास के लिए भी आवश्यक है। नौकरी, व्यवसाय व कोई अन्य काम को करने के लिए शिक्षा ही मूल आवश्यकता है। यदि हमें काम की जरूरत है तो सबसे पहले हमारी शिक्षा के बारे में पूछा जाता है। उन्होंने कहा शिक्षा चरित्र निर्माण के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण में भी आवश्यक भूमिका निभाती है। गोष्ठी में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कई छात्र-छात्राओं ने वक्ताओं से सीधे प्रश्न कर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सभी शिक्षक और सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कई स्थानों में चोरी के मामले का खुलासा, चार गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आरआईटी थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों में हुए चोरी के मामले का मंगलवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। जिले के एसपी डॉ विमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी सागर लाल महथा के नेतृत्व में टीम का गठन कर सोनार सहित तीन अपराध कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराध कर्मियों में सूरज कोतवाल उर्फ सूरज पत्रो उर्फ सरफराज, नवीन कुमार झा, विवेक सिंह उर्फ कैफ और वीरेंद्र नाथ वर्मा शामिल है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर सोने चांदी के जेवरात, लैपटॉप, चार्जर, माउस, घटना में प्रयुक्त ताला तोड़ने वाले लोहे का कटर, चापड़, आयरन, कैमरा, घड़ी, पावर चश्मा, बैग,सफारी व ऑटो बरामद कर लिया। बताया जा रहा है पुलिस ने 32 नंबर के समीप से ऑटो संख्या जेएच 05 डीएन- 4622 को पकड़ा। जिसमें तीन युवक सूरज कोतवाल उर्फ सूरज पत्रो उर्फ सरफराज, नवीन कुमार झा और विवेक सिंह उर्फ कैफ बैठा था। तलाशी लेने पर नीले रंग के बैग से सोने - चांदी के जेवरात व अन्य सामान पाया गया। पूछताछ करने पर तीनों ने थाना क्षेत्र के एमआई 146, महावीर नगर सहित अन्य स्थानों में हाल के दोनों में हुई चोरी मामले में अपनी संलिप्त स्वीकार की। तीनों की निशानदेही पर चोरी का गहना खापने वाले सोनार विरेंद्र नाथ वर्मा को चौका के खूंटी से गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# रायगढ़ा में माओवादियों ने की पूर्व उपप्रमुख की गोली मार कर हत्या

## पुलिस मुखबिरी का आरोप लगा घटनास्थल पर छोड़ा पर्चा

**पश्चिमी सिंहभूम जिले के अति नक्सल प्रभावित गुदड़ी थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने दिया घटना को अंजाम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आरआईटी थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों में हुए चोरी के मामले का मंगलवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। जिले के एसपी डॉ विमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी सागर लाल महथा के नेतृत्व में टीम का गठन कर सोनार सहित तीन अपराध कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराध कर्मियों में सूरज कोतवाल उर्फ सूरज पत्रो उर्फ सरफराज, नवीन कुमार झा, विवेक सिंह उर्फ कैफ और वीरेंद्र नाथ वर्मा शामिल है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर सोने चांदी के जेवरात, लैपटॉप, चार्जर, माउस, घटना में प्रयुक्त ताला तोड़ने वाले लोहे का कटर, चापड़, आयरन, कैमरा, घड़ी, पावर चश्मा, बैग,सफारी व ऑटो बरामद कर लिया। बताया जा रहा है पुलिस ने 32 नंबर के समीप से ऑटो संख्या जेएच 05 डीएन- 4622 को पकड़ा। जिसमें तीन युवक सूरज कोतवाल उर्फ सूरज पत्रो उर्फ सरफराज, नवीन कुमार झा और विवेक सिंह उर्फ कैफ बैठा था। तलाशी लेने पर नीले रंग के बैग से सोने - चांदी के जेवरात व अन्य सामान पाया गया। पूछताछ करने पर तीनों ने थाना क्षेत्र के एमआई 146, महावीर नगर सहित अन्य स्थानों में हाल के दोनों में हुई चोरी मामले में अपनी संलिप्त स्वीकार की। तीनों की निशानदेही पर चोरी का गहना खापने वाले सोनार विरेंद्र नाथ वर्मा को चौका के खूंटी से गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ब्लड सेंटर और फाउंडेशन ने एसडीपी रक्तवीर योद्धा रवि को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बिस्टुपुर ब्लड सेंटर और प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के नेतृत में आदित्यपुर निवासी एसडीपी रक्तवीर योद्धा रवि कुमार ने 22 बां स्वैच्छिक व सुरक्षित रक्तदान के आंकड़े को पूर्ण कर लिया। अब अस्पताल में इलाजरत किसी भी जरूरतमंद को रक्त के लिए परेशानी नहीं होगा। जमशेदपुर ब्लड सेंटर और फाउंडेशन ऐसे युवा एसडीपी रक्तवीर योद्धा को नमन करते है। रक्तदान के साथ ही एसडीपी रक्तदान के क्षेत्र में प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन का 752 बां आंकड़ा भी पूर्ण हो गया। मौके पर रवि कुमार के समक्ष जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी, अनुभवी व वरीय चिकित्सक डॉक्टर लव बहादुर सिंह, डॉक्टर रिता सिंह, अनुभवी व वरीय तकनीशियन मनोज कुमार महतो, शुभोजीत मजुमदार, सह तकनीशियन अभिषेक धर, एस. मालाकार, रत्नेश कुमार सिंह, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के निर्देशक अरिजीत सरकार उपस्तित रहे। इस अवसर पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर व प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन की और से एसडीपी रक्तवीर योद्धा रवि कुमार को प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।**

## महात्मा गांधी मार्ग का चौड़ीकरण हो और पेड़ हटवाये प्रशासन

# चैनपुर नेउरा रोड तत्काल नहीं बना तो धरना : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पीडब्ल्यूडी रोड डिविजन को एक पत्र लिखकर कहा कि शहर के कई अहम रोड जो पीडब्ल्यूडी के अधीन है उसे ऐसे ही छोड़ दिया गया है। ना आपका विभाग बना रहा ना निगम को बनाने की अनुमति दे रहा है। इससे कई तरह की परेशानियां हो रही है। प्रथम महापौर ने कहा कि मेरे कार्यकाल में ही रेडमा चौक से डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, पुलिस स्टेडियम, बीसफुटा पुल होते रेडमा चौक तक जो शहर का वीआईपी एवं व्यस्ततम रोड है बोर्ड द्वारा शहरी रिंग रोड घोषित करते हुए चौड़ीकरण का एस्टीमेट बनवाई गई थी। पैसा भी उपलब्ध था। दूसरा चैनपुर थाना से लेकर निगम बॉर्डर तक रोड बनाने का प्रस्ताव मैंने ही तैयार कराई थी जिसे पीडब्ल्यूडी रोड डिविजन द्वारा दोनों मार्ग को यह कहते हुए रोक दिया गया कि यह मार्ग उनका है। इस लिए वे ही इसे बनायेंगें। पर एक वर्ष बीतने के बाद भी अब तक पीडब्ल्यूडी डिविजन द्वारा इन सड़कों को बनाया नहीं गया। ना ही निगम को बनाने की स्वीकृति दी जा रही है, जो दुखद है। मैं एक बार फिर पीडब्ल्यूडी रोड डिविजन एवं पलामू डीसी से अनुरोध करूंगी कि दोनों मार्ग अहम है। एक शहर का लाइफ लाइन है तो दूसरा उभरता शहर चैनपुर शाहपुर की लाइफलाइन। इन दोनों मार्गों को यथाशीघ्र बनवाया जाना चाहिए। प्रथम महापौर ने कहा कि चैनपुर थाना से लेकर नेउरा तक रोड इतना खराब हो चुका है जहां से गाड़ियां तो दूर बाइक से चलना भी मुश्किल हो रहा है। दूसरा रेडमा चौक से डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक तक जो महात्मा गांधी मार्ग है कम से कम इतनी दूरी का भी चौड़ीकरण करना अति आवश्यक है। अगर इन दोनों मार्ग पर प्रशासन ध्यान नहीं देगी तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। अरुणा शंकर ने कहा कि महात्मा गांधी मार्ग में रोड के बीचो-बीच एक ताड़ का पेड़ है जो हमेशा दुर्घटना को आमंत्रित करता है। इसकी जानकारी प्रशासन को भी है। प्रशासन जल्द निर्णय नहीं लेगा तो मैं जल्द चैनपुर शाहपुर के भाइयों के साथ रोड पर खुद धरने पर बैठूंगी।



जर्जर सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में जमा पानी।

## आंगनबाड़ी केंद्र की दीवार तोड़े जाने पर आइएएस व सीओ ने शुरू की जांच

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** अज्ञात लोगों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 2 की बाउंड्री तोड़े जाने के मामले का मंगलवार को जांच की गई। जांच टीम में प्रशिक्षु आईएएस सह बीडीओ रवि कुमार, सीओ यामुन रविदास, पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के अलावे अंचल निरिक्षण प्रगति प्रकाश और अमिन राकेश कुमार शामिल थे। विदित हो की हरिहरगंज पूर्वी पंचायत के वैध विगहा आंगनबाड़ी केंद्र 2 के बाउंड्री को शनिवार की रात अज्ञात लोगों द्वारा तोड़कर सड़क निर्माण कर दिया गया और गेट को कटर से काटकर ले गए। इस संबंध में केंद्र 2 के प्रभार में कार्य कर रही सेविका मधु कुमारी ने विभाग और थाने में शिकायत की थी। इसे संज्ञान में लेते हुए प्रशिक्षु बीडीओ रवि कुमार ने अधिकारियों के साथ मामले की जांच की। बीडीओ ने कहा कि सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाया गया है। जो काफी निंदनीय है। फिलहाल अज्ञात लोगों पर प्राथमिक दर्ज करा दी गई है। आरोपियों को धर पकड़ करने के पुलिस को निर्देश दिया गया है।

# सभी जिलों में पार्टी को किया जा रहा मजबूत: कमलेश सिंह

**एनसीपी के पलामू जिला कमेटी की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के पलामू जिला कमेटी की बैठक मेदिनीनगर के हमीदगंज स्थित विधायक कमलेश कुमार सिंह के आवासीय परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संदीप पासवान और संचालन जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। बैठक में 2024 लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी जिले में एनसीपी कोमजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी जिलों के पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की शुरूआत पलामू से हुई है। पलामू जिला के सभी प्रखंडों में पार्टी को मजबूत करना जिला के पार्टी पदाधिकारियों का दायित्व है। कहा कि एकजुटता के साथ मिलकर प्रखंडों का दौरें और प्रखंड कमेटियों को मजबूत बनाएं। प्रखंड कमेटियों का दायित्व पंचायतों में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि एनसीपी का एक-एक कार्यकर्ता झारखंड के किसी भी इलाके में जनसमस्या हो उसे लेकर आंदोलन की रणनीति बनायें। बैठक में एनसीपी के प्रदेश सचिव अजीत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय सिंह, विनय पासवान, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, जनेश्वर भुइयां, हरि भुइयां, सीता राम भुइयां, संजय भुइयां, कंधा सिंह, रवींद्र सिंह, नरेश पासवान, मिठू सिंह, संजय सिंह, रवि रंजन, भोला सिंह, वीरेंद्र सिंह, रुदा सिंह, अजीत सिंह, जियादुद्दीन खान और मनीष सिंह आदि मौजूद थे।

# खेल से शारीरिक व मानसिक रूप से भी होता है विकास : विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** डॉ वीरेंद्र कृष्ण रामबली नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट कोनवाई हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन मंगलवार को पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं, खेल आयोजकों द्वारा विधायक को फूल माला पहनाकर व शॉल देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने की अपील की। कहा कि खेल से न केवल मनोरंजन होता है, बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। खेल हमें अनुशासित होना सिखाता है। वहीं, क्रिकेट टूर्नामेंट चंद्रपुर बनाम रनेभरी के बीच खेला गया। चंद्रपुर की टीमों ने टास जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। भरी के टीम ने 175 रन बनाकर जीत हासिल की। वहीं चांदपुर टीम 60 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि कोनवाई मुखिया पति बृजदेव सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्या पुदीना कुंवर , प्रोफेसर बचन ठाकुर समाजसेवी अरविंद सिंह, कोनवाई मुखिया मंजू देवी, शैलेंद्र सिंह, कमेश यादव, धनुष देव सिंह, कार्तिक सिंह, प्रेम सागर सिंह, रामचरित्र सिंह, अध्यक्ष राहुल कुमार, उपाध्यक्ष बलवंत सिंह, कोषाध्यक्ष मंडल कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# प्रवासियों को एसआइएस में दिया जायेगा रोजगार : अरुण यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया और सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड की ओर से पलामू जिले के कई प्रखंडों में 11 से 23 दिसंबर तक भर्ती की जा रही है। उक्त जानकारी भर्ती अधिकारी अरुण यादव ने मंगलवार को हरिहरगंज ब्लॉक परिसर में दी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा भर्ती के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आश्वासन दिया गया है। इस दौरान जिला पुलिस बल और एसआइएस के जवान के अधिकारी भी तैनात रहेंगे। भर्ती शिविर में 500 सुरक्षा जवान और 200 सुपरवाइजर मौजूद रहेंगे। कैश कस्टोडियन 150 का चयन किया जाएगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को 21 सेंटरों में से एक सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा जिले में एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें ड्रिल पीटी कराटे थ्योरी औद्योगिक सुरक्षा वीआईपी और प्राथमिक उपचार फायर फाइटिंग कंप्यूटर बैंक सिक्योरिटी भारतीय पुरातत्व सर्वचन विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण देकर सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड 5000 कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराएगी। भर्ती अधिकारी अरुण यादव ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग सुरक्षा जवान उम्र 21 वर्ष से 37 वर्ष ऊंचाई 168 सेंटीमीटर और वजन 56 किलो से ऊपर होना चाहिए। सुपरवाइजर के लिए ऊंचाई 170 सेंटीमीटर होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि देशभर में अनेक प्रकार के पाठ्यक्रम संचालन किये जाते है और सुरक्षा जवानों के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पलामू जिला में नवयुवकों का चयन कर-के उन्हें प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। भर्ती स्थल पर शारीरिक मापदंड फिजिकल टेस्ट लिखित परीक्षा लिया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दी जाएगी। भर्ती अधिकारी ने बताया कि उन्हें जहां तैनात किया जाएगा। राज्य सरकार की न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता योग्यता अनुसार है। देश में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए विभाग इस क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को भर्ती कराकर रोजगार उपलब्ध करा कर क्षेत्र की बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से शिविर आयोजन किया गया है।




# जन समस्याओं के समाधान के लिए उठाये जा रहे कल्याणकारी कदम : विजय ओझा

**सांसद ने 13 सिचाईं योजनाओं का जीर्णोद्धार का किया ऑनलाईन शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नीति एवं डीएमएफटी मद से लघु सिंचाई प्रमंडल की ओर से हुसैनाबाद स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय में पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडो में 13 सिंचाई जीर्णोद्धार योजनाओं का शिलान्यास पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को ऑनलाइन किया। इस अवसर पर पलामू सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भाजपा नेता ईश्वरी पांडे, हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, कार्यपालक अभियंता प्रेम सोरेन, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान व महेंद्र सिंह, राजेश कर्ण ने विधिवत पूजा पाठ कर नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने कहा कि ग्रामीणों ने बताया था कि संसदीय क्षेत्र के विभिन्न तलाब काफी जर्जर हो गये है। पलामू सांसद वीडी राम ने इसे गंभीरता से लेते हुए मूर्तरूप दिया है। उन्होंने 13 तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया है। नीति आयोग एवं डीएमएफटी मद से सभी योजनाओं का जीर्णोद्धार किया जाएगा। लघु सिंचाई प्रमंडल के कर्यपालक अभियंता प्रेम सोरेन ने बताया कि इससे 60 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई में वृद्धि होगी। खेतों में पानी की कमी नहीं होगी।

# राशन वितरण में गड़बड़ी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उजाला समूह पर प्राथमिकी दर्ज का दिया निर्देश

**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत ग्राम डेवडर के जन वितरण प्रणाली समूह उजाला एसएचजी नुज्ञप्ति संख्या 07/2010 के खिलाफ जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर बीडीओ ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। बतातें चलें कि उक्त समूह के राशन कार्ड धारियों ने तीन माह के राशन गबन का आरोप लगाया था। जिसे अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद बीडीओ संजय कुमार ने संबंधित समूह को जांच कर निलंबित कर दिया था। जांच में उक्त समूह पर 82 क्विंटल राशन रिकवरी का आदेश पारित किया था। पर समूह द्वारा 40 क्विंटल राशन की भरपाई की गयी और शेष खाद्यन्न की भरपाई के लिए पुनः प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने 28 अक्टूबर पत्रांक 02 के माध्यम से दो दिनों का समय दिया था। पर शेष खाद्यन्न की भरपाई नहीं करने पर पुनः अखबार ने अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा शीर्षक खबर प्रकाशित किया जिसपर संज्ञान लेते हुए राज्य खाद्य आयोग ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को करवाई करने का निर्देश दिया था। इसके आलोक में बीडीओ ने मंगलवार को स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बीडीओ ने बताया की राशन में अनियमितता बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना में पलामू के 322 विद्यार्थी सफल

**मध्य विद्यालय तुकबेरा की चार विद्यार्थियों ने लहराया परचम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना 2023 में पलामू जिले के 322 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। इसमें 169 छात्राएं एवं 153 छात्र शामिल हैं। झारखंड सरकार की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना को लेकर झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा 13 अगस्त को परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें पलामू जिले के 20 प्रखंड के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। झारखंड राज्य के सभी जिलों से 2855 विद्यार्थी सफल हुए हैं। इसमें 1386 छात्राएं एवं 1469 छात्र शामिल हैं। इसी के अंतर्गत पलामू जिले में 322 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर जिला का मान-सम्मान बढ़ाया है।

झारखंड अधिविध परिषद (जैक) द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना (उटटरर) के तहत आयोजित परीक्षा में नावाबाजार प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तुकबेरा टोला के 4 विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। सफल विद्यार्थियों में दीपिका कुमारी, विकास कुमार, सनी कुमार एवं अनुष्का सोनम शामिल हैं। इसकी जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक बृंदा प्रसाद गुप्ता ने दिया। उन्होंने बताया कि 2022-23 सत्र के लिए यह परीक्षा 13 अगस्त को आयोजित हुआ था। परीक्षा में शामिल विद्यालय के सभी 4 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। प्रधानाध्यापक ने सफल अभ्यर्थियों को कॉपी एवं कलम देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी पूर्व में भी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्णता हासिल कर स्कूल का मान-सम्मान बढ़ाया है। विद्यालय के शिक्षक रविंद्र नाथ ठाकुर ने सफल विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर अपने रुचि के अनुरूप पढ़ाई करें, तो सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने समय प्रबंधन कर पढ़ाई करने की भी सलाह विद्यार्थियों को दी है।

## स्पोर्ट्स



अंडर-19 एशिया कप में टीम इंडिया ने महज 7.1 ओवर में वनडे मुकाबला जीत लिया है। टीम ने पहले नेपाल को 52 रन को छोटे स्कोर पर आउट किया। उसके बाद 7.1 ओवर में ही मुकाबले को 10 विकेट के बड़े अंतर से जीत लिया।

## राज लिंबानी ने 13 रन देकर झटके 7 विकेट, पाकिस्तान पहले ही सेमीफाइनल में

# नेपाल 52 पर ऑलआउट, इंडिया अंडर-19 ने 7.1 ओवर में ही जीता वनडे मैच, सेमीफाइनल में पहुंचा

एजेंसी

**दुबई।** अंडर-19 एशिया कप में टीम इंडिया ने महज 7.1 ओवर में वनडे मुकाबला जीत लिया। टीम ने पहले नेपाल अंडर-19 टीम को 52 रन पर ऑलआउट किया और 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। भारत के लिए तेज गेंदबाज राज लिम्बानी ने महज 13 रन देकर 7 विकेट झटके। नेपाल पर जीत के साथ भारत ने ग्रुप-ए से सेमीफाइनल में भी जगह बना ली। ग्रुप-ए से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम पाकिस्तान है, जो भारत को भी हरा चुकी है।



### अर्शीन ने लगाए 5 छक्के

53 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया अंडर-19 टीम ने 7.1 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। ओपनर आदर्श ने 13 बॉल पर 13 रन बनाये, जबकि उनके साथ अर्शीन कुलकर्णी ने 30 बॉल पर 5 छक्कों और एक चौके की मदद से 43 रन बना दिये। अर्शीन ने छक्का लगाकर ही टीम को जीत भी दिलाई।

### नेपाल का एक भी बैटर 8 रन से ज्यादा नहीं बना सका

दुबई के आइसीसी एकेडमी ग्राउंड पर इंडिया अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। नेपाल ने 5वें ओवर में पहला विकेट गंवाया, लेकिन टीम 22.1 ओवर में ऑलआउट हो गई। उनका कोई भी बैटर 10 रन का स्कोर नहीं छू सका। हेमंत धामी ने सबसे ज्यादा 8 रन बनाए। 2 बैटर जीरो पर आउट हुए। दो ने 7 रन बनाए। जबकि 6 बैटर्स 5 से कम रन के स्कोर पर ही पवेलियन लौट गए। टीम इंडिया से राइट आर्म पेसर राज लिम्बानी ने 9.1 ओवर में महज 13 रन देकर 7 विकेट झटके। उन्होंने 3 ओवर मेडन फेंके। राइट आर्म पेसर आराध्य शुक्ला को 2 और अर्शीन कुलकर्णी को 1 विकेट मिला। आराध्य ने 9 और अर्शीन ने 2 ओवर गेंदबाजी की। 2 ओवर सौम्य पांडे ने फेंके, जिनमें उन्होंने महज एक रन दिया, हालांकि उन्हें कोई सफलता नहीं मिली।

# बिना किसी भेदभाव के विश्रामपुर क्षेत्र का हो रहा विकास : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत केतात कला पंचायत के कामता गांव में कब्रिस्तान की चाहरदीवारी का निर्माण होगा। चाहरदीवारी निर्माण की आधारशिला स्थानीय विधायक के बेटे सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने रखी। उन्होंने कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में विश्रामपुर विधानसभा का पूर्ण विकास हो रहा है। विकाश भी किसी भेदभाव के बगैर व न्याय के साथ हो रहा है। विकास कार्यों में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। आने वाले समय में विश्रामपुर प्रदेश का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। मौके पर पूर्व मुखिया रविशंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे, मजमुद्दीन कादरी, शोएब अख्तर, मेराज अहमद आदि थे।



## पुलिस ने दंगा रोकने को लेकर किया पूर्वाभ्यास



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा में पुलिस ने मंगलवार को दंगा रोकने को लेकर पूर्वाभ्यास किया। मौके पर गढ़वा थाना के एसआई सुमन कुमार राय की देखरेख में आरएएफ के जवानों ने पूर्वाभ्यास किया। दंगारोधी उपकरणों से लैस होकर पुलिस जवानों ने गढ़वा थाना परिसर से पूर्वाभ्यास शुरू किया। इस दौरान सायरन बजाते वाहन भी आगे से चल रहा था। सायरन की आवाज के साथ पुलिस के जवानों का मार्च करते देख कर लोगों को लगा कि कहीं कोई नया मामला तो नहीं आ गया है। लेकिन बाद में लोगों को यह मालूम हो गया कि पुलिस के जवान दंगारोधी पूर्वाभ्यास कर रहे हैं। मौके पर कई पुलिस अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

# विकास को बाधित करना चाहती है केंद्र सरकार : मिथिलेश ठाकुर

### भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सहित 50 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री गिरजा देवी सहित पार्टी छोड़कर पेसका के 50 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये हैं। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर और मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल करते हुए उनका स्वागत किया।



फोटो : पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिला सहित पूरे राज्य में काफी तेज गति से चौतरफा विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंडियों की जनभावनाओं, उनकी समस्याओं और जरूरतों को अच्छी तरह से समझते हैं। राज्य की बेहतरी और जनता की हर जरूरत को ध्यान में रखकर आज पूरे राज्य में बेहतर विकास कार्य किया जा रहा है। इन्हीं कार्यों से प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हो रहे बेहतर विकास कार्य और पूरे राज्य में झामुमो की ओर जनता की बढ़ रहे रुझान से भाजपा घबरा गई है। वह अपनी पूरी ताकत लगाकर राज्य के विकास को बाधित करने और हेमंत सरकार को अस्थिर करने का हर हथकंडा अपना रही है। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से उक्त सहित फूल कुमारी देवी, चंदन दुबे, योगेंद्र पासवान, सत्यदेव, रवि शंकर, प्रिंस चंद्रवंशी, दीपक इनय साव, कन्हाई आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज, दिलीप सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जेएसएससी परीक्षा रद्द किये जाने के विरोध में सीएम का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जेएसएससी परीक्षा रद्द करने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फुंका गया। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान रंका मोड़ पर शव यात्रा निकाला गया।



कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि हेमंत सरकार युवाओं को रोजगार के नाम पर ठग रही है हेमंत सरकार में जेएसएससी स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा रद्द कर युवाओं के साथ भारी धोखा किया है हेमंत सरकार में बैठे मंत्री विधायक भी युवाओं को रोजगार देने के नाम पर झुठा ढोल पीटते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता जवाहर पासवान, बिनय चौबे, दीपक तिवारी, बृजेन्द्र पाठक, भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी, रंजीत चौरसिया, रितेश अग्रवाल सहित काफी संख्या में भाजयुमो के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खेलकूद से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा का संचार होता है: अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आर के पब्लिक स्कूल, गढ़वा में छात्र-छात्राओं के बीच कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता के साथ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जीवन में खेल-कूद के महत्व पर प्रकाश डाला और अनुशासित होकर खेलने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्थापना काल से ही स्कूल में प्रति वर्ष दिसंबर महीने में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होता है। इस बार स्कूल में 29वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हो रहा है। वें हमेशा ही बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के प्रति उत्साहित करते हैं और खेल कूद का महत्व बताते रहते हैं।



खो-खो प्रतियोगिता में कक्षा 8'सी' की छात्राओं ने कक्षा 8'डी' की छात्राओं को हराकर इस प्रतियोगिता में विजेता टीम बनी वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में भी कक्षा 8'सी' के छात्रों ने कक्षा 8'ए' को हराकर विजेता टीम बनी।स्कूल के निदेशक ने सभी विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अनुप कुमार पाण्डेय और इम्तियाज खान की भूमिका अहम रही। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हर वर्ष की भांति 25 दिसंबर को किया जायेगा।

# पूर्व मंत्री ने एसडीओ को आवेदन देकर प्रमुख से वसूली गयी राशि को वापस करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह को आवेदन देकर सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव से पशु शेड के नाम पर ग्रामीणों से वसूले गये तेरह-तेरह हजार रुपये वापस कराने की मांग किया है। एसडीओ को दिये गये आवेदन में पूर्व मंत्री ने कहा है कि 11 दिसंबर 23 को सगमा प्रखंड के चैनपुर ग्राम स्थित चौपाल में सात ग्रामीणों का 14000-14000 रुपये (13000-13000 रुपये मूल राशि तथा 1000-1000 रुपये ब्याज राशि) वापस किया गया था। शेष 11 ग्रामीणों का पैसा 12 दिसंबर 23 को नगर उंटारी में चेचरिया स्थित मेरे आवास पर आ कर देने की बात लिखित रूप में दिया था। ग्रामीण पैसा लेने के लिए मेरे आवास पर घंटो सगमा प्रमुख का इंतजार करते रहे लेकिन प्रमुख द्वारा न ही कोई सूचना दिया गया, नहीं वे आये। उन्होंने ग्रामीणों का पैसा वापस दिलाने तथा न्यायोचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।



**क्या था मामला जिस पर पूर्व मंत्री ने लिया था संज्ञान:** सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव के द्वारा पशु शेड कराने के नाम पर दर्जनो ग्रामीणों से लाखो रुपये की राशि वसूली किया गया था। 18 ग्रामीणों द्वारा पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी को प्रमुख द्वारा 13000-13000 रुपये लेने का आवेदन दिया गया था। पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी के प्रयास से सोमवार को चैनपुर ग्राम के चौपाल पर सात ग्रामीणों का 98000 रुपये वापस कराया गया था। जब कि 11 ग्रामीणों का पैसा वापसी के लिए प्रमुख द्वारा 12-23 दिसंबर को मंत्री के आवास पर बाकी के 1,54,000 रुपये देने का लिखित आश्वासन दिया गया था। सभी ग्रामीण जो इन पैसो को भूल चुके थे, वे अपने-अपने पैसे प्राप्त कर बहुत ही खुश थे। सभी ने पूर्व मंत्री की प्रशंसा करते हुये कहा कि पूर्व मंत्री के अथक प्रयास से ही पैसा वापसी संभव हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि सगमा प्रखंड के प्रखंड प्रमुख अजय साव द्वारा हम ग्रामीणों से पशु शेड कराने के नाम पर 13000-13000 रुपये लिया गया था। बाद में पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना देते हुए जांच करते हुए ग्रामीणों का पैसा वापस कराने तथा प्रखंड प्रमुख पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया था, जिसके फलस्वरूप ग्रामीणों का पैसा वापस कराया गया है।

## आइजी ने न्यायालय और थाना भवन की सुरक्षा का जायजा लिया



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। मंगलवार को आईजी राजकुमार लकड़ा ने अनुमंडलीय न्यायालय, उपकारा और थाना भवन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। सर्वप्रथम आईजी अनुमंडलीय न्यायालय पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कई स्थानों पर सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। मौके पर गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद केशरी, थाना प्रभारी नीतीश सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस के जवान उपस्थित थे।**

# दूषित जल सप्लाई पर नगर परिषद खेल रहा है फेंका-फेंकी का खेल

आफताब अंजुम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र का सबसे पाउस इलाका , मेन रोड ! अगर इसी मेन रोड में दूषित जल आपूर्ति हो रही है तो शहर के किनारे के इलाके जहां अत्यंत गरीब पिछड़े दबे कुचले लोग रहते हैं वहां पर जलापूर्ति की क्या स्थिति होगी इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। अब जब से चैंबर के नई पारी की शुरूआत चेंबर अध्यक्ष दामोदर केसेरा की टीम ने की है तब से नगर परिषद के सर में दर्द और नाक में दम होना शुरू हो गया है। और हो भी क्यों ना? जब ना तब चेंबर के लोग नगर परिषद के प्रशासक से कड़े-कड़े सवाल पूछ लेते हैं। जब दूषित जल का मामला सामने आया तो सप्लाई का दायित्व निभाने वाले विभाग पीएचडी को फॉल्ट ही नहीं मिलने लगा। चेंबर वालों ने फॉल्ट ढूंढा तो मरम्मत करने के बजाय नगर परिषद और पीएचडी एक दुसरे पर फेंका फेंकी का खेल करने लगे। अब तो चेंबर भी परेशान हैं कि जिम्मेदार किसको ठहराया जाए।



**नगर परिषद ने सड़क निर्माण नहीं कराया तो करेंगे आंदोलन: दामोदर:** गुमला शहर की सड़क व्यवस्था को लेकर चेंबर लगातार नगर परिषद के संपर्क में है। इस संबंध में चेंबर अध्यक्ष ने बताया कि प्रशासक से इस संबंध में वार्ता हुई। उन्होंने कहा है कि इस माह मे कभी कभी भी डीएसपी रोड का टेंडर निकाला जा सकता है। अध्यक्ष ने कहा कि अगर जल्द ही टेंडर नही निकाला गया तो नगर परिषद के विरोध मे आंदोलन शुरू किया जायेगा।

अध्यक्ष ने यह भी कहा कि दूषित जल सप्लाई के संबंध मे भी नप प्रशासक से बात हुई। काफी दिनों से मेन रोड और अन्य कई गलियों में दूषित जल की सप्लाई हो रही है। प्रशासक ने तुरंत अपने विभाग को निर्देश दिया है कि पीएचडी के साथ एक दो दिनों मे बैठक कर इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। ज्ञात हो कि काफी दिनो से गुमला नगर मे दूषित जल का सप्लाई हो रहा है पीएचडी के साथ चैंबर द्वारा दो तीन स्थनों मे दूषित पानी के लिय जॉच कराई गई। तब जाकर दूषित पानी का फॉल्ट पकड़ाया अब पेंच इसमें यह है कि पीएचडी का कहना है कि नगर परिषद के सहयोग के बिना हम कुछ नहीं कर सकते है जिस स्थान पर फोल्ड पकड़ाया है उस स्थान पर परिषद का काम है अब दोनो विभाग मिलकर काम करें तभी समस्या का समाधान होगा।

# ट्रक में लदे 23 गोवंशीय पशु बरामद, एक तस्कर को जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** सिसई थाना की पुलिस ने सोमवार की दोपहर रांची गुमला मुख्य मार्ग स्थित महुआ डीपा के समीप से एक ट्रक में लदे 23 पीस गोवंशीय पशु बरामद की है ।साथ ही ट्रक के चालक मुर्तजा अंसारी को गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार मुर्तजा रांची जिला के चान्हो थाना छेत्र के पंडरी गांव का रहने वाला है ।एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 11 दिसंबर को दिन करीब 3 बजे गुप्त सूचना मिली कि पशु तस्कर के द्वारा एक काला रंग का आईसर कम्पनी का चार चक्का वाला मिनी डाला ट्रक जिसका डाला के उपर से भुरा रंग का तीरपाल ढका था उसमें चालक के माध्यम से गुमला के तरफ से अवैध गोवंशीय पशु को लोड कर बुचडखाना में वध करने के लिए बेचने हेतु रांची की ओर ले जाया जा रहा है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए सत्यापन के बाद आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी सिसई आदित्य कुमार चौधरी, सअनि अनवर अंसारी एवं सशस्त्र बल को छापामारी की जिम्मेवारी दी गई। टीम थाना से प्रस्थान कर सिसई चौक के पास पहुँचकर वाहन जाँच लगाया। इसी बीच गुमला की ओर से एक गाड़ी आते हुए दिखाई दिया। जिसे टॉर्च जलाकर रूकने का ईशारा किया गया। परन्तु गाड़ी का चालक गाड़ी को और तेजी से भरनो की ओर भगाने लगा। जिसे पुलिस बल की मदद से पीछा कर ग्राम-महुआडीपा में गुमला से रॉची जाने वाले सड़क के किनारे ओवरबीज के पास पकडा गया। पकड़ाये चालक से नाम पता पुछने पर अपना नाम मुर्तजा अंसारी पिता स्व० सउद अंसारी सा०-पंडरी, थाना-चान्हो, जिला-रॉची बताया। उससे पुछताछ करने पर बताया कि उक्त गाडी में अवैध रूप से गोवंशीय पशुओं का पैर बांधकर एवं जबरन ठुस कर निर्दयतापूर्वक वाहन मालिक सवानी कुरैशी एवं पशु तस्कर रॉंची का विक्की कुरैशी एवं अन्य 4-5 पशु तस्कर के द्वारा गुमला जिला के बॉर्डर के समीप छतीसगढ़ के टांगरटोली से लोड किया गया है।



# राज मिस्त्री हत्याकांड का उद्भेदन, आरोपी गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहरी क्षेत्र के कुम्हार मोड़ के समीप हुए राज मिस्त्री हत्याकांड का पुलिस ने 12 घंटे के अंदर उदभेदन कर लिया है ।साथ ही मृतक के बगल में रहने वाले किरायेदार आरोपी मेहदी हसन उर्फ गोल्डन को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून लगा क्रिकेट का बल्ला, घटना के समय आरोपी द्वारा पहना हुआ कपड़ा आदि को बरामद किया गया है। घटना को लेकर मंगलवार को सदर थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने कहा कि दिनांक 11 दिसंबर को पुलिस को यह सूचना मिली कि गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरदगा रोड कुम्हार ढालान में किराये पर रह रहे अयूब शेख को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मारकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया फिर इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। जिसके बाद घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी गई ।सूचना के बाद परिजनों के आवेदन के आधार पर गुमला थाना कांड दर्ज किया गया। साथ ही कांड के त्वरित अनुसंधान एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी, के नेतृत्व एक छापामारी दल का गठन किया गया। इसके बाद छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर घटना के फौरन बाद मृतक के बगल कमरा में रह रहे किरायेदार मेहदी हसन उर्फ गोल्डेन पिता शकुर हुसैन ग्राम आजाद बस्ती को हिरासत में लिया है ।



## मिशन बदलाव ने इलाजरत मरीज के लिए किया 2 यूनिट रक्तदान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के जितेश मिंज, और विक्रम नायक ने सदर अस्पताल गुमला मे इलाजरत मरीज के लिए रक्तदान किया। ये मरीज सदर अस्पताल गुमला में पिछले महीने से एडमिट है। जब परिजनों को ब्लड की जरूरत थी और गुमला में बहुत लोंगो से संपर्क करने पर कुछ समाधान नहीं हुआ, उसके बाद मिशन बदलाव के जितेश मिंज और विक्रम नायक को से पता चला कि मरीज को बल्ड की जरूरत है तो स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत सदर अस्पताल गुमला में जाकर रक्तदान किया और उनके परिजनों को विस्वास दिलाया कि कभी भी और भी अन्य चीजों की जरूरत हो तो उनसे समपर्क किया जा सकता है। जितेश मिंज और विक्रम नायक ने कहा कि किसी अनजान लोंगो और जरूरतमंद की मदद करने से दिल को सुकून मिलता है और लगता है कि हमारे जीवन का मूलभूत उद्देश्य पूरा हो रहा है। किसी के चेहरे की मुस्कान उसके जीवन का महत्वपूर्ण पल होता है। उहोंने ने कहा कि हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य सभी जाति सभी धर्मों के लोंगो की सेवा करना है और कहा कि रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं ।

# हेमंत सोरेन का 19 दिसंबर को होगा गुमला आगमन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में आगामी 19 दिसंबर को सूबे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आयेंगे। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री का आगमन जिले में होगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने जिले के वरिय अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की। विकास भवन सभागार में आयोजित इस बैठक में उप विकास आयुक्त ने बताया कि 19 दिसंबर को मुख्यमंत्री आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे । उप विकास आयुक्त ने कहा कि आगामी कार्यक्रम में झारखंड सरकार की सभी मुख्य योजनाओं एवं जिले के मुख्य योजनाओं की प्रदर्शनी के रूप में गैलरी तैयार किया जाएगा। जिसमें आवास योजना , नियुक्ति गैलरी , मिलेट गैलरी , पुस्तकालय गैलरी जैसे विभिन्न स्टॉल्स व गैलरी लगाए जाएंगे । उन्होंने सभी विभागों के वरीय अधिकारियों को संबंधित विभाग अंतर्गत संचालित मुख्य योजनाओं से जुड़े अधिक से अधिक लाभुकों का चयन कर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में परिसंपत्तियों के वितरण करने की बात कही । उन्होंने इस कार्यक्रम में लगभग 200 करोड़ रुपए के विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुको के बीच परिसंपत्ति वितरण करने का टलक्ष्य निर्धारित किया । इसके अलावा बैठक में स्टेज मैनेजमेंट , स्टॉल्स मैनेजमेंट , परिसंपत्ति वितरण आदि जैसे कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।



बैठक में मुख्य रूप से परियोजना निदेशक पीडी आईटीडीए, अपर समाहर्ता, एसडीओ सदर, डीसी एलआर, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित जिले के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division Hazaribag

Notice Inviting e-quotation

Notice No. - 01 DWSD/HZB/MECH/QUOTATION/2023-24 (2nd Call)

Quotations through e-tender are invited for rates of items / materials such as aluminium cable, Copper cable, termination kit etc. annexed as Annexure-1 for use in Drinking water and Sanitation Department from Reputed Manufacturers / authorized dealers having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of items /materials are available on the above e-tender portal. Terms and condition will be available in website. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 14.12.2023 at 10:30 hrs. to 21.12.2023 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 22.12.2023 at 11: 00 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate.

Sd/-
Executive Engineer
PR 313254 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D **DW&S, Mechanical Division Hazaribag**

# कोयला का अवैध कारोबार का सिलसिला सालों भर चलता है

**अवैध कोयले के कारोबार में वन विभाग का भी माफियाओं के साथ मिली भगत रहती है**

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के चंदवा बालूमाथ हेरहंज बरियातू और लातेहार के कई क्षेत्रों में अवैध कोयला का धंधा धड़ल्ले से जारी है। बताया जाता है कि अवैध कोयला का धंधे का कारोबार बड़े पैमाने पर की जाती है और इसमें पुलिस प्रशासन की मिली भगत रहती है पिछले वर्ष भी लातेहार जिला के कई थाना क्षेत्र में अवैध धंधा का काम पूरे जोर शोर से चलाया गया और कोयला माफिया के साथ-साथ इट भट्ठे मालिकों का बल्ले बल्ले रहा जहां तक इस वर्ष भी देखने को मिल रहा है कि पुलिस प्रशासन के सहयोग के साथ-साथ वन विभाग की भी संलिप्त ऐसे कार्य में रहती है दिखावा के लिए कुछ जगहों पर अवैध कोयल का कोवायरी डोजरिंग कर भरा जाता है। दूसरे वर्ष फिर भरे हुए जगह को छोड़कर अन्य स्थानों पर अवैध कोयल का कुआं को खोदकर साइकिल मोटरसाइकिल पिकअप तथा ट्रैकों से अन्य स्थानों पर अवैध कोयले का भंडारण करके बेचा जाता है। इस वर्ष भी बालूमाथ और चंदवा के क्षेत्र में अवैध कोयले का धड़ले से कम शुरू हो गया है।

इस संबंध में चंदवा के सीईओ जयशंकर पाठक से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हम लोग जांच करने गए थे परंतु चंदवा थाना क्षेत्र में नहीं पड़ता है कुछ लातेहार थाना क्षेत्र में पड़ता है और कुछ वन विभाग के क्षेत्र में पड़ता है उन्होंने भी मन की कोयल का अवैध धंधा शुरू है।

# आने वाले समय में दाल-भात खायेंगे राशन कार्डधारी : डॉ रामेश्वर उरांव

**अभी राशन कार्ड के लाभुक को गेहूं,चावल एवं नामक मिलता है, आने वाले समय मे झारखंड सरकार चना दाल भी देगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो/ लोहरदगा ।** कैरो प्रखंड क्षेत्र के हनहट स्कूल मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन 12 दिसंबर दिन मंगलवार को किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आएं झारखंड सरकार के वाणिज्यकर वित्त मंत्रालय झारखण्ड सरकार सह खाद्य आपूर्ति विभाग मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने उक्त कार्यक्रम में आम जनता को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रहा विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी मंत्री महोदय के द्वारा दिया गया। जिसमें सर्वजन पेंशन योजना, ग्रीन राशन कार्ड योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, के साथ मदरसा से हनहट तक सड़क पक्कीकरण जल्द करने की बातें कहीं।

साथ ही जिले के प्रत्येक पंचायत में 10 चापाकल का निर्माण कर आमजनों की प्यास बुझाई जाएगी। जिसमे विधायक फंड से पांच चापाकल एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा पांच चापाकल बहुत जल्द तैयार करने की बातें कहीं गई। मंच पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को इसपर जल्द पहल करने का निर्देश दिया। बिस लाख लोगों को 5 किलो प्रति व्यक्ति राशन का वितरण, धोती,लुंगी,साड़ी राज्य सरकार दे रही है। अब गरीब व्यक्ति माड़ भात नही गरीब परिवार के लोग अब दाल भात खाएंगे इसकी व्यवस्था झारखंड सरकार की ओर से की गई है। अबुवा आवास के लिए जिसके पास जमीन नही है। वैसे परिवार को सरकारी जमीन अंचल अधिकारी देंगे। आदिवासी मूलवासी समुदाय के लोगो को सरकार अखाड़ा का निर्माण करेगी। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए लोक गीत कलाकारों के द्वारा सड़क सुरक्षा पर लोगो को जागरूक करने के लिए नशामुक्त वाहन चलाने, दोपहिया वाहनों में हेलमेट पहनने,एवं ट्रिपल सवारी न करने के लिए लोक गीत के माध्यम से बेहतर प्रस्तुति दी गई।

# भाकपा माओवादी के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह ।** बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को मनिका थाना क्षेत्र के मटलोंग में भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर कुंदन खरवार उर्फ सुधीर सिंह पिता- महावीर सिंह के घर के दरवाजे पर डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी अभिषेक कुमार भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर कुंदन खरवार के पत्नी और उनके मां से आग्रह किया है कि झारखंड सरकार के आत्म समर्पण नीति चल रहा है। उन्हें आत्म समर्पण नीति के तहत आत्म समर्पण करा दे व अपनी ईनाम की राशि को ले ले और अपने बाल बच्चे की पढ़ाई व परिवार के एक नई जिंदगी शुरूआत करने की बात कही। इस दौरान छिपादोहर और मनिका पुलिस जवान शामिल थे।

# कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से भविष्य उज्ज्वल करें

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ।** मंगलवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोनलाइजेशन कैंप का आयोजन जेएसएलपीए के मध्यम से किया गया। जिस में मुख्य अथिति के रूप में बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा ओरांव प्रखंड अंचल अधिकारी तृप्ति विजिया कुजूर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार भाजपा मंडल महामंत्री विजय यादव एवम कौशल विभाग के जिला पदाधिकारी मुख्य रूप से रहे।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी ने कहा की 18 35 वर्ष के युवक युवती उपस्थित संस्थान के माध्यम से ट्रेनिंग प्राप्त कर नौकरी कर सकते है। भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा की मोदी जी द्वारा जेएसएलपी के मध्यम से गरीब बेरोजगार 18 से 35 वर्ष के इच्छुक युवक युवती 6 से 12 महीने का ट्रेनिंग प्राप्त कर रोजगार का एक सुनहरा अवसर प्राप्त कर अपने घर को जीविकापार्जन कर सकते है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा की जो भी बेरोजगार युवक युवती है अपना नामांकन कर ट्रेनिंग ले कर अपना भविष्य को उज्जवल बनाए। भाजपा मंडल महामंत्री विजय यादव ने कहा की जिन भी जरूरत मंद लोगो को रोजगार की जरूरत है वे इस तरह के माध्यम से अपना रोजी रोटी पूर्ण कर सकते है। मौके पर जिला से आए हुआ विभिन्न ट्रेनिंग संस्थान और प्लेसमेंट कम्पनी के साथ जेएसपीएल के विक्की गुप्ता राजन यादव। जेएसएलपीएस केमहिला समूह के महिलाओं के साथ सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# सेविकाओं को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता मे बैठक सह एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में मुख्य मंत्री सारथी योजना के तहत सेविकाओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर मे राज्य कोर्डिनेटर अंकित कुमार, जिला कोर्डिनेटर प्रवेश कुमार, प्रखंड सुपरवाइजर विमला कुमारी सहित प्रखंड क्षेत्र के सेविका दिदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रही प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बातया की मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए सभी युवक युवतीओ को प्रशिक्षण दी जा रही है, और उपस्थित सेविकाओ से कहा की आप सभी अपने क्षेत्र के बेरोजगार युवक युवतिओ को कौशल प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित करें ।

# सीएम के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार माननीय मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में बैठक हुई । बैठक में कार्यक्रम के रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। उपायुक्त ने कार्यक्रम हेतु टेंट, लोगों के बैठने की व्यवस्था इत्यादि के सम्बन्ध में निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यक्रम में शिलान्यास/ उदघाटन किये जाने वाले योजनाओं की सूची एवं वितरित किये जाने वाले परिसम्पत्तियों की सूची उपलब्ध कराने हेतु पदाधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त अलोक शिकारी कच्छप, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से एक की मौत

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** सीआईसी सेक्सन के बरवाडीह - डाल्टनगंज के बरवाडीह- मंगरा रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 260/5 -7 के बीच सोमवार को मध्यरात्रि में मालगाड़ी के चपेट में आ जाने से अज्ञात ब्यक्ति की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी मिलते है रेल पुलिस और बरवाडीह थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए डाल्टनगंज पीएमसीएच भेज दिया हैं ।खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नही हो सकी है ।वही थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने क्षेत्र के मुखिया व आम जनता से अपील की है कि अज्ञात शव को पहचान करने में सहयोग करें।

## सड़क हादसा में बाइक चालक की मौत

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडरा में न्यू जय माता होटल के समीप सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल जे एच 08 एच 6979 के चालक की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गई। जैसे ही घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को मिली तत्काल डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, एसआई गणेश कुमार यादव, कुलदीप राम दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। वही मृतक की पहचान जोगना निवासी रविन्द्र उराँव के 19 वर्षीय पुत्र अंकित उराँव के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर न्यू जय माता दी होटल के समीप ब्रेक डाउन बॉक्साइड लदा ट्रक जे एच 08 डी 6761 खड़ी थी। वही घाघरा की ओर से आ रहा मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित हो खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे चालक की मौत घटने स्थल पर हो गया।

## फाइनांस कंपनी के लॉकर को उठा ले गये चोर

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के संजय गांधी पथ में स्थित स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंसियल लिमिटेड नामक कंपनी के कार्यालय में रविवार की रात चोरों ने फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में रखे लॉकर को उठा कर ले गए। इस घटना में कुल 12 लाख 58 हजार रुपये की चोरी की बात सामने आ रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद सोमवार को सदर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया गया कि रविवार की रात लगभग पौने दो बजे पांच नकाबपोश अपराधी वहां आए और बाउंड्री लांघ कर अंदर घुसे। अपराधियों ने अंदर जाकर बाहर के गेट का ताला खोला और फिर बड़े आराम से एक रुम में रखा हुआ लॉकर को उठाकर चलते बने। कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों को मामले की जानकारी हुई तो इसकी सूचना कंपनी के वरीय अधिकारी और स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। सीसीटीवी में चोरी की यह करतूत कैद हो गई है। सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव ने फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में पहुंच मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## बरवाडीह में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया जहाँ प्रखंड बीडीओ राकेश सहायक के द्वारा ग्रामीण इलाकों से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने का काम किया। खुरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उम्मीदवार रहे दीपू पासवान के द्वारा जनता दरबार में आवेदन देते हुए बभंडी ग्राम में अवैध रूप से शराब की बिक्री की शिकायत दर्ज करायी गई जिस पर बीडीओ राकेश सहाय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले में जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया। जनता दरबार के दौरान प्रखंड के विभिन्न पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान अबुआ आवास के आवेदन करने से वंचित ग्रामीणों के आवेदक को भी लेने का काम किया गया ।

# दुर्घटना से बचाव संबंधित व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर दिया गया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के माननीय सदस्य रविन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में आज परिषदन लातेहार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संबंधित पदाधिकारियों के साथ आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा एवं निर्माण कार्य से संबंधित अधतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया।

बैठक में जिले में सड़क दुर्घटना के आंकड़ों की जानकारी लेते हुए जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कैसे कम किया जाए इस संदर्भ में चर्चा कर दुर्घटना से बचाव सम्बंधित व्यवस्था दुरुस्त करनें एवं सुरक्षा मानकों के पालन किए जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही सड़क दुर्घटना के प्रभावितों को बीमा की राशि ससमय दिलाने को लेकर बीमा कंपनियों से समन्वय स्थापित कर उचित करवाई करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत चौक चैराहो को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही बस स्टैंड , ऑटो स्टैंड के लिए स्थल चिन्हित करने की बात कही गई। माननीय सदस्य, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद ने कहा कि नगर पंचायत ये सुनिश्चित करें कि सड़कों पर गाड़ी पार्क न हो। साथ ही वाहन चेकिंग को लेकर उन्होने कहा कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी या पदाधिकारी ये सुनिश्चित करें कि कोई भी वाहन सवार बिना हेल्मेट या सीट बेल्ट के वाहन न चलाएं। बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार , पुलिस उपाधीक्षक लातेहार संतोष मिश्रा, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन , कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, एनएचएआई पलामू सह लातेहार, उत्पाद अधीक्षक, अंचल अधिकारी, लातेहार, अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण डाक सेवा संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**चंदवा।** चंदवा अखिल भारतीय ग्रामीण डांक सेवक संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल आज शुरू हो गया है। ईनके हड़ताल से डांक सेवा पूरी तरह ठप हो गया है। प्रमंडलीय संगठन सचिव नित्यानंद सिंह ने कहा कि, डांक संघ के केंद्रीय नेतृत्व कताओं के साथ दिल्ली में डायरेक्टर जनरल पोस्टो सर्विसेज के साथ वार्ता असफल रहने के कारण हड़ताल करना पड़ रहा है।

हमारे मांगों पर सरकार सहानुभूति पूर्वक विचार करें। अब आंदोलन ही एक मात्र विकल्प है। विवश होकर ग्रामीण डांक सेवक संघ हड़ताल पर हैं, इससे डांक सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में ठप है। इधर हड़ताल को माकपा ने समर्थन दिया है, कहा कि इनके मांग जायज है केंद्र सरकार इनके मांगों को जल्द पूरा कर डांक सेवकों का हड़ताल खत्म कराए। मांगों में ग्रामीण डाक सेवकों का आठ घंटे का काम पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करने, नियमित कर्मचारियों के समान 12 - 24 एवं 36 वर्ष का लाभ अविलंब लागू करने, विभागीय कर्मचारियों के समान जीडीएस की ग्रेच्युटी में वृद्धि करने, 180 दिनों तक सवेतनिक छुट्टी को आगे बढ़ाना और उसका नगदी करण करने, भारत सरकार के अन्य सभी योजनाओं एवं कार्यों का कार्य के घंटे में मुल्यांकन कर उस अधार पर समय बढ़ाकर वेतन में वृद्धि करने, टीआरसीए अविलंब समाप्त कर उसके स्थान पर समान कार्य के लिए समान वेतन भुगतान करने की मांग कर रहे हैं।

हड़ताल में डांक सेवक संघ के अर्जून प्रसाद, ग्यासुद्दीन खान, नितयानंद सिंह, सरवर खान, मनोज यादव, ईरफान खान, सूरेश बेक, जय प्रकाश सिंह, प्रकाश उराव, रामेश्वर सिंह, रीया रचना बेक, सिमरण सिंह, सकिंद्र उरांव, प्रेम प्रताप सिंह, संतोष उरांव, रघुनाथ सिंह, समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

## जनजातीय सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम के लिए 20 युवा रवाना



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 158वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के सौजन्य से वर्ष 2023-24 के दौरान चलाये जा रहे 15वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के क्रम में मंगलवार को लोहरदगा से 10 छात्र व 10 छात्राएं, कुल 20 युवाओं को बैंगलोर में आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रवाना किया गया। जहाँ पर उन्हें देश के अन्य हिस्सों से आए जनजातीय युवाओं से मिलकर उनके रहन सहन, संस्कृति, क्षेत्रीय विशेषताओं के बारे में जानने तथा लोहरदगा (झारखण्ड) की संस्कृति व रहन सहन से दूसरों को अवगत कराने का अवसर मिलेगा ।एक सप्ताह के सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में इन्हें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने तथा ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का दौरा करने का अवसर मिलेगा तथा इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद इनमें देश की सांस्कृतिक विविधता व एकता के बारे में बेहतर समझ का विकास होगा ।इनका मार्गदर्शन करने के लिए एक पुरूष व एक महिला सदस्य केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल से नियुक्त किया गया है जो दौरान इनके साथ रहेंगे तथा आवश्यकतानुसार इनकी मदद/ सहयोग करेंगे।

# 15 दिनों से लापता मां और बेटी का अब तक नहीं मिला सुराग, पुलिस से लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बारियातू।** थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत पुक्कु ग्राम निवासी दीपक यादव के 25 वर्षीय बहन बिंदिया कुमारी व एक वर्षीय बेटी के साथ बीते 15 दिन पहले अपने ससुराल चतरा के टणडवा प्रखण्ड स्थित होन्हे गांव से लापता है । जिसे लेकर भाई दीपक यादव ने लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व उपायुक्त हेमांशु मोहन, से मदद का गुहार लगाया है।

दीपक कुमार यादव ने बताया की मेरी बहन बिंदिया कुमारी की शादी छः वर्ष पूर्व टंडवा थाना क्षेत्र के होन्हे गाँव निवासी मनोहर यादव के साथ हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों के बाद बिंदिया कुमारी के ससुराल वाले दहेज को लेकर मार पीट करने लगे। कई बार समाजीक बैठक भी हुई और व्यपार करने को लेकर एक लाख रुपये देकर समझौता कराया गयागया था। पर मार पीट का सिलसिला चलता रहा , बीते 27 नवम्बर की रात मेरी बहन बिंदिया कुमारी के ससुराल वालों ने मार पीट किया था। बहन ने जानकारी देते हुए बताई की पति, देवर व गोतनी ने दहेज को लेकर काफी मारपीट किया है और जान से मारने की धमकी देते हुए दुसरी शादी करने की बात कहते हैं। वंही लडका पक्ष के लोगों ने हम लोगों को 27 नवम्बर को बिंदिया व एक वर्षीय बच्ची का लापता होने की सुचना दी। सुचना मिलने के बाद हम सभी परिजन काफी खोजबीन किया पर कोई सुराग अब तक नही मिला ।बीते 5 दिसबंर को मै टंडवा थाना में गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया हू और खोज बीन जारी रखा इसके बाद भी कोई पता नही चला। और ना थाना से कोई आश्वासन मिला । इसे लेकर दीपक यादव ने लातेहार एसपी व उपायुक्त से सकुशल वापसी को लेकर गुहार लगाया है।

# नो हेलमेट नो पेट्रोल, पुलिस ने चिपकाया नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ/ बारियातू ।** लातेहार जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार बालूमाथ, बारियातू थाना क्षेत्रों मे बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को रोकथाम के उद्देश्य से बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार, थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार महतो, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के देख रेख में बाइक चेकिंग अभियान चलाया गया। वही बालूमाथ थाना क्षेत्र के सभी पैट्रोल पंपो तथा बारियातू थाना क्षेत्र के बरनी पेट्रोल पंप में नो हेलमेट नो पेट्रोल के तर्ज पर बिंदेश्वर महतो ने दोनों थाना क्षेत्र के पुलिस ने नोटिस जारी करते नोटिस चिपका है। सभी पेट्रोल पंप मालिक व मैनेजर को सूचित करते हुए कहा कि बिना हेलमेट पहने टुव्हीकल चालक को पेट्रोल नहीं दें।


सेवा में,
सभी पेट्रोल पम्प मैनेजर,
बालूमाथ थाना।

विषय :- दोपहिया वाहन में हेलमेट नहीं पहनने पर पेट्रोल नहीं देने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय में सादर सूचित करते हुए कहना है कि मोटर वीकल अधिनियम की धारा- 194(D) के तहत दोपहिया वाहन बिना हेलमेट के चलाने पर 1000/रू0 जुर्माना एवं तीन महीने के लिए लाईसेंस रद्द होने का प्रावधान है।

अतः अनुरोध है कि अपने पेट्रोल पम्प दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट चालक को पेट्रोल नहीं देंगें।

12/12/23
थाना प्रभारी

## न्यूज रील्स

### सीएम मुझे मारने के लिए लोग भेज रहे: गवर्नर

**तिरुवनंतपुरम (आजाद सिपाही)।** केरल गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन उन्हें शारीरिक तौर पर नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए वे साजिश रच रहे हैं और लोगों को भेज रहे हैं। आरिफ मोहम्मद ने पुलिस पर भी राज्य सरकार की असंवैधानिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि राज्यपाल के दिल्ली जाने के लिए तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट के लिए निकले थे। एयरपोर्ट के रास्ते में ही उनके काफिले पर हमला हुआ।

### सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6ए की वैधता पर फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को असम में अवैध प्रवासियों से जुड़ी सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 17 याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पहले केंद्र सरकार ने कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर बताया कि भारत में रह रहे अवैध प्रवासियों का सटीक डेटा कलेक्ट कर पाना संभव नहीं है। ये लोग बिना डॉक्यूमेंट्स के भारत में चोरी-छिपे घुसते हैं।

# केंद्रीय विवि में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भाषा संकाय, केंद्रीय विश्वविद्यालय कोरापुट के द्वारा अकादमिक ब्लॉक 3 के सभागार में भारतीय भाषा उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर सबसे पहले तमिल कवि सुब्रह्मण्य भारती को विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी। विद्यार्थियों को उनके वृत्त चित्र दिखाया गया, जिससे वे कवि के समग्र जीवन से परिचित हो सके। अपने संबोधन के दौरान माननीय कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी जी ने भारत की बहुभाषिकता के महत्व को रेखांकित करते हुए युवा पीढ़ी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने में युवाओं को आगे आना होगा। बहुत सारी भाषाओं को सीखकर अपने आप को बहु आयामी बनाना होगा। हमारा बहुसांस्कृतिक भारत विकास की ओर कदम बढ़ा रहा है। हमें समर्पण और सेवा के साथ काम करने हैं। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव तथा प्रोफेसर नृसिंह चरण पंडा ने अपने विस्तृत अनुभव को साझा करते हुए विद्यार्थियों को कवि सुब्रह्मण्य भारती को आदर्श मानने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भाषा शिक्षण और संस्कृति संरक्षण हमारे ध्येय हों। संस्कृत भाषा के साथ ही सभी भारतीय भाषाओं का उत्थान तभी संभव है जब विद्यार्थियों में भाषा शिक्षण की रुचि जगेगी। भारतीय भाषा उत्सव में बहुभाषी कविता आसर और मातृभाषा में हस्ताक्षर अभियान विशेष आकर्षण बने। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डॉ रुद्राणी महांति, डॉ सत्यनारायण षढंगी, डॉ गणेश प्रसाद साहू, डॉ वीरेंद्र षढंगी और डॉ प्रदीप चंद्र आचार्य ने कवि सुब्रह्मण्य भारती को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न पक्षों को उजागर किया। सभागार में डॉ आलोक बराल, सत्यव्रत मिश्र, डॉ सौम्य रंजन दाश, डॉ मयूरी मिश्र समेत शताधिक विद्यार्थी मौजूद थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन डॉ चक्रधर पधान ने किया।

# बोरवेल में 15 फीट नीचे गिरा बच्चा, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** संबलपुर रेंगाली अचंल में बोरवेल के गड्ढे में गिरा बच्चा। बताया गया है कि बच्चा 15 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। फायर ब्रिगेड का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहीं दूसरी ओर बच्चा रोता हुआ नजर आ रहा है। यह घटना देखने को मिला है संबलपुर जिले रेंगाली थाना अंतर्गत लारीपाली गांव में सूचना मिलि है कि बच्चा बोरवेल में गिर गया है। रेंगाली थाने के कर्मचारी, रेंगाली वीडियो, रेंगाली फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गये हैं।

वहीं बोरवेल के कुछ दूरी पर जेसिबी के जरिए गढ़ा खोदाई किया जा रहा है, दमकल कर्मियों ने बच्चे को बचाने के अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं।

# मोदी सरकार देश को आगे बढ़ाने के लिए कटिबद्ध : लक्ष्मण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह मंगलवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। इस क्रम में सिंह धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय पहुंच कर कार्यकर्ताओं से मिले, जहां कार्यकर्ताओं से केंद्र की मोदी सरकार की साढ़े नौ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। इन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र की मोदी सरकार द्वारा देश में गरीबों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। कहा कि इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील कार्यकर्ताओं से की। कहा कि आज देश की मोदी सरकार देश को आगे बढ़ाने के लिए कटिबद्ध है। जिस प्रकार से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान में भाजपा को बहुमत मिला, इससे साबित होता है कि आनेवाले 2024 के चुनाव में यहां की जनता केंद्र की मोदी सरकार के साथ है और एक बड़ा कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम सभी लोगों को तन मन से साथ पूरी मेहनत करने की जरूरत है। सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक गांवों के सभी घरों में जाकर केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करे। इस मौके पर उदय सिंह, पवन सिंह, सोहन यादव, रामचंद्र यादव, मुंशी राम, अधीर राय आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# पुरी-पटना और भुवनेश्वर-धनबाद विशेष ट्रेनें अप्रैल 2024 के अंतिम सप्ताह तक चलेंगी

- पटना-पुरी स्पेशल जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह तक चलेगी
- स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं के विस्तार से यात्रियों को लाभ मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** यात्रा करने वाली जनता की मांगों को ध्यान में रखते हुए और नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिये, पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार से और उसके माध्यम से नामांकित विशेष ट्रेनों की सेवाओं का विस्तार करने और विशेष ट्रेनों की सेवाओं को अधिक समय अवधि के अनुसार चलाने का निर्णय लिया गया है। **पुरी-पटना साप्ताहिक विशेष :** प्रत्येक शनिवार को पुरी से छूटने वाली 08439 पुरी-पटना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 27 अप्रैल 2024 तक चलेगी। इसी तरह, प्रत्येक रविवार को पटना से छूटने वाली 08440 पटना-पुरी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 28 अप्रैल 2024 तक चलेगी। **भुवनेश्वर-धनबाद दैनिक विशेष :** भुवनेश्वर से प्रतिदिन छूटने वाली 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन 29 अप्रैल 2024 तक चलेगी। इसी तरह धनबाद से प्रतिदिन छूटने वाली 02831 धनबाद-भुवनेश्वर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 30 अप्रैल 2024 तक चलेगी। **पटना-पुरी साप्ताहिक विशेष :** प्रत्येक गुरुवार को पटना से छूटने वाली 03230 पटना-पुरी स्पेशल ट्रेन 25 जनवरी 2024 तक चलेगी। इसी तरह, पुरी से प्रत्येक शुक्रवार को छूटने वाली 03229 पुरी-पटना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। इन विशेष ट्रेनों का समय और ठहराव अपरिवर्तित रहेगा।




# सीओपी 28 में वेदांता एल्यूमिनियम ने सस्टेनेबल भविष्य के लिए सम्मिलित प्रयासों को किया प्रेरित

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम पृथ्वी का सतत और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने हेतु इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि वह पर्यावरण अनुकूल तरीके से उत्पादित उच्च गुणवत्ता का एल्यूमिनियम दुनिया भर में पहुंचायेगी। हाल ही में दुबई में आयोजित सीओपी 28 में वेदांता एल्यूमिनियम ने पहली बार हिस्सा लिया। कंपनी का प्रतिनिधित्व करने वहां पहुंचे मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन स्लेवन ने इस पहलू पर प्रकाश डाला कि सस्टेनेबेल अनुप्रयोगों को सक्षम बनाने के लिए एल्यूमिनियम की भूमिका निरंतर बढ़ रही है। एल्यूमिनियम में वह क्षमता है कि यह दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं को उनकी मूल्य श्रृंखलाओं का डिकार्बनीकरण करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। स्लेवन सीओपी 28 में इंडस्ट्रियल ट्रांजिशन एक्सिलिरेटर राउंडटेबल में भाग ले रहे थे, जहां भारी उद्योगों, परिवहन और ऊर्जा क्षेत्रों से संबंध रखने वाले बिजनेस लीडर, नीति निमार्ता और विशेषज्ञ एकजुट हुए थे। सीओपी 28 जलवायु परिवर्तन के लिए आज दुनिया में हो रहा अहम और सभी देशों को आपस में जोड़ने वाला प्रयास है। आज जिन धातुओं की सबसे अधिक खपत हो रही है एल्यूमिनियम उनमें दूसरे नंबर पर है। पहली बार एल्यूमिनियम का उत्पादन प्रारंभ होने के बाद से इसका महत्व निरंतर बढ़ रहा है। एल्यूमिनियम न होता तो एयरोस्पेस, ऑटोमोबाइल, परिवहन, बिल्डिंग व कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रिकल्स आज उस मुकाम पर न होते जहां आज ये क्षेत्र पहुंच पाए हैं। आधुनिक युग में एल्यूमिनियम कई नये उभरते क्षेत्रों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, हाई-टैक मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर में भी अपनी उपयोगिता साबित कर रहा है। लगभग हर एक स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी में एल्यूमिनियम का उपयोग बढ़ाने की जरूरत पड़ती है, जिससे संकेत मिलता है कि वर्ष 2030 तक इसकी खपत दोगुनी हो जायेगी। हल्का वजन, बेहतरीन तापीय और विद्युत चालकता, वजन पर मजबूती का उच्च अनुपात और बारंबार रिसाइकल करने की खासियत - इन सब गुणों के चलते एल्यूमिनियम को भविष्य की धातु कहा जाता है। सीओपी 28 के दौरान जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक चर्चा की पृष्ठभूमि में वेदांता एल्यूमिनियम ने अपनी नवीनतम सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में दर्ज किया गया है कि कंपनी ने जलवायु परिवर्तन से निपटने, अपने प्रचालनों के डिकार्बनीकरण और अपने स्थानीय समुदायों के मध्य समावेशी सामाजिक-आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए कौन से कदम उठाए हैं। इनमें ओड़िशा के झारसुगुडा स्थित मेगा एल्यूमिनियम स्मेल्टर, जो दुनिया के सबसे बड़े स्मेल्टरों में से एक है, लांजीगढ़ स्थित विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी तथा छत्तीसगढ़, कोरबा स्थित भारत की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक बालको शामिल हैं।













# भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की 25वीं टीसीसी की बैठक कोलकाता में आयोजित

**25वीं उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत समिति की बैठक कोलकाता में आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की 25वीं तकनीकी समन्वय समिति (टीसीसी) और 25वीं उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत समिति की बैठक एनटीपीसी के तत्वावधान में 8 और 9 दिसंबर 2023 को कोलकाता में आयोजित की गयी थी। पहली बार, पांच पूर्वोत्तर राज्यों के बिजली विभाग के प्रभारी माननीय मंत्रियों ने एनटीपीसी द्वारा आयोजित इस 25वीं एनईआरपीसी बैठक में भाग लिया। पार्थ मजूमदार आरईडी (ईआर-II), एनटीपीसी ने स्वागत भाषण दिया जहां उन्होंने एनइआर के बिजली क्षेत्र के सर्व-समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए एनइआर के मुद्दों को हल करने में टीसीसी के महत्व पर जोर दिया, 25वीं टीसीसी बैठक गिंको लिंगी, मुख्य अभियंता (पी) सीइजेड, डीओपी, अरुणाचल प्रदेश सह एनइआरपीसी के टीसीसी अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गयी थी, और इसमें एनइआरपीसी के सभी घटकों के टीसीसी सदस्यों ने भाग लिया था। एनइआरपीसी की 25वीं बैठक अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप-मुख्यमंत्री चौना मेन और एनइआरपीसी के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। नंदिता गालोर्सा, माननीय एमपी, असम, एटी मंडल माननीय एमपी, मेघालय, केजी केनये माननीय एमपी नागालैंड, रतन लाल नाथ माननीय एमपी, त्रिपुरा, बालो राजा माननीय एमएलए. और एचडीसीएम अरुणाचल प्रदेश के सलाहकार भी बैठक में उपस्थित थे। एनईआरपीसी की बैठक में अरुणाचल, मेघालय और मणिपुर के सचिव (बिजली) ने भी भाग लिया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**